

MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 329 | ग्वालियर , 23 सितम्बर शनिवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## भारत-कनाडा के बीच संबंधों में खटास

**नई दिल्ली।** भारत और कनाडा के बीच उपजे विवाद को लेकर दोनों देशों में तनाव देखने को मिल रहा है. ऐसा पहली बार है कि दोनों देशों के बीच राजनयिक स्थिति सबसे खराब दौर में हैं. भारत ने कनाडा पर आरोप लगाया कि वह खालिस्तानी आतंकियों को अपने यहां शरण दे रहा है. इस बात को छिपाने के लिए वह भारत पर बेबुनियाद आरोप लगा रहा ?है. वहीं दूसरी ओर कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया है. ऐसे में प्रश्न उठता है कि भारत और कनाडा के बीच तनाव से देश पर क्या असर पड़ने वाला है.



भारत और कनाडा के बीच व्यापार, शिक्षा, प्रवास, टूरिज्म को लेकर संबंध रहा है. भारत और कनाडा के बीच न्यूक्लियर सहयोग, दोहरे टैक्स, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, एग्रीकल्चर, एनर्जी, शिक्षा को लेकर कुछ समझौते और द्विपक्षीय करार रहा है. भारत के कई छात्र कनाडा में बड़ी संख्या में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं. उनका यहीं पर करियर भी बना. वे यहां पर विभिन्न क्षेत्रों में जॉब कर रहे हैं. विदेश मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2022 तक देश के 13 लाख 24 हजार से अधिक छात्र यहां पढ़ाई कर रहे थे. कनाडाई सरकार के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 कनाडा और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार 8,161.02 मिलियन डॉलर का रहा था. इसमें से 70 अरब डॉलर कनाडा का निवेश रहा है. भारत कनाडा का 10 वां सबस बड़ा व्यापारिक भागीदार रहा है. कनाडा भारत का 35वां सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार देश रहा है. भारत और कनाडा के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करीब दस साल से पेंडिंग है. भारत सरकार की ओर जारी आंकडे के मुताबिक साल 2021 में भारत में कुल 80,437 कनाडाई पर्यटक आए थे, जो भारत आने वाले कुल पर्यटकों का 5.3 प्रतिशत है. भारत ने कनाडा ने 2022-23 में करीब 4 अरब डॉलर का निर्यात किया था. वहीं कनाडा ने भारत को 4.05 अरब डॉलर निर्यात किया था. भारत की ओर निर्यात समानों में लोहा,स्टील, फार्मा प्रोडक्ट, कपड़े, इंजनियरिंग के सामान है. इसके साथ कीमती पत्थरों की डिमांड भी अधिक रहती है. वहीं कनाडा की ओर से भारत वुड पल्प, एस्बेस्टस, पोटाश, आयरन स्क्रैप, दालें, न्यूजप्रिंट, खनिज, इंडस्ट्रियल केमिकल जैसी वस्तुओं को भेजता है.

## न्यूज ट्रैक

### एशियन गेम्स में अरुणाचल के 3 खिलाड़ियों की नो एंट्री पर भारत का चीन को जवाब



**नई दिल्ली।** हांग्जो एशियन गेम में अरुणाचल प्रदेश की तीन महिला खिलाड़ियों की नो एंट्री पर भारत ने चीन को करारा जवाब दिया है. चीन की इस हरकत पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाड़ियों के साथ भेदभाव किया है. हमारे देश का अरुणाचल प्रदेश अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और आगे भी रहेगा. चीन द्वारा जानबूझकर हमारे खिलाड़ियों को रोकने के खिलाफ नई दिल्ली और बीजिंग में कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है. चीन की इस हरकत के बाद केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपना चीन दौरा रद्द कर दिया है. वे चीन के हांगझू में होने वाले 19वें एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए चीन जाने वाले थे. ये गेम 23 सितंबर से लेकर 8 अक्टूबर तक चलेगा. भारत की तीन वुशू खिलाड़ी न्येमान वांग्सू , ओनिलु टेगा और मेपुंग लाम्गू इस गेम में हिस्सा लेने के लिए जा रहे थे, लेकिन चीन ने एंट्री से मना कर दिया. केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के खिलाड़ियों को एशियाई खेल के लिए वीजा ना देने की घटना की निंदा करता हूं. चीन के इस तरह की हरकतों से अरुणाचल प्रदेश की स्थिति बदलने वाली नहीं है. अरुणाचल भारत का हिस्सा रहा है और हमेशा रहेगा. हम इसका कड़ा विरोध करते हैं और वक्त आने पर भारत इसका जवाब देगा.

### आईएएफ ने जम्मू में वायु सेना स्टेशन पर एयर शो आयोजित किया



**जम्मू।** जम्मू वायु सेना स्टेशन में पहली बार भारतीय वायुसेना का एयर शो हुआ है। जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय के 76 वर्ष पूरे होने और जम्मू वायु सेना स्टेशन की डायमंड जुबली पर राज्य सरकार के सहयोग से पहली बार इस तरह के शो का आयोजन किया गया है। एक बयान के अनुसार, आईएएफ एयर वॉरियर ड्रिल टीम (एडब्ल्यूडीटी), आकाशगंगा डेयरडेविल स्काईडाइविंग टीम, सूर्य किरण एरोबेटिक टीम (एसकेएटी), एमआई-17 1वी हेलीकॉप्टर और एयर फोर्स बैंड ने दो दिवसीय मार्की कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस प्रदर्शन को जम्मू के निवासियों, विभिन्न स्कूलों के छात्रों, दिग्गजों, नागरिक गणमान्य व्यक्तियों और रक्षा बलों और सीएपीएफ के कर्मियों ने देखा। कार्यक्रम की शुरुआत आकाशगंगा डेयरडेविल स्काईडाइविंग टीम के आसमान में करतब दिखाने का साथ हुई। टीम ने भारतीय ध्वज और भारतीय वायुसेना के ध्वज भी फहराया, जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। बयान में कहा गया, भारतीय वायु सेना की 14 सदस्यीय आकाश गंगा स्काई डाइविंग टीम के टचडाउन का दर्शकों ने उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के बाद आईएएफ गरुड़ कमांडो टीम के एमआई-17 1वी मीडियम लिफ्ट हेलीकॉप्टरों के माध्यम से स्लिथरिंग, स्मॉल टीम इंसर्शन और एक्सट्रैक्शन तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम ने हवाई प्रदर्शन के लिए उड़ान भरी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का समापन एयर वारियर ड्रिल टीम सुब्रतो (एडब्ल्यूडीटी) के सटीक ड्रिल गतिविधियों के प्रदर्शन के साथ हुआ। बयान में आगे कहा गया है कि प्रदर्शन में युवाओं को विशिष्ट सेवा में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से भारतीय वायु सेना की परिचालन क्षमता का प्रदर्शन किया गया।

### केंद्र का लक्ष्य घरेलू उत्पादन के माध्यम से भारत की 70 प्रतिशत आईटी हार्डवेयर मांग को है पूरा करना



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार तीन वर्षों के भीतर घरेलू उत्पादन के माध्यम से देश की आईटी हार्डवेयर की 70 प्रतिशत मांग को पूरा करने और गैर-भरोसेमंद स्रोतों से आयात पर निर्भरता में कटौती करने की योजना बना रही है। यह बात इलेक्ट्रॉनिक्स राज्य मंत्री और आईटी राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कही। मंत्री ने पत्रकारों से कहा, वर्तमान में, डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के लिए हमारी लगभग 80 प्रतिशत आपूर्ति आयात से आती है और हमारी आपूर्ति आवश्यकता का केवल 8-10 प्रतिशत भारत से आता है। हम अगले तीन वर्षों में इसे 65-70 प्रतिशत करना चाहते हैं। एचपी और डेल जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियों सहित करीब 40 कंपनियों ने पर्सनल कंप्यूटर, लैपटॉप, टैबलेट, सर्वर और अन्य उपकरण बनाने के लिए कारखाने स्थापित करने के लिए आईटी हार्डवेयर पीएलआई (उत्पादकता से जुड़े प्रोत्साहन) योजना के तहत आवेदन किया है। योजना अवधि के दौरान मूल्य लगभग 4.65 लाख करोड़ रुपये बैठता है। आयात पर लगाए जा रहे प्रतिबंधों से घरेलू निवेश में बढ़ोतरी की उम्मीद है। चंद्रशेखर ने कहा कि गैर-भरोसेमंद स्रोतों से आयात पर निर्भरता को कम करने की रणनीति के हिस्से के रूप में दिन के अंत में उद्योग के भागीदारों के साथ आईटी हार्डवेयर आयात नियमों के मसौदे पर चर्चा की जाएगी।

## 15वीं किस्त इस दिन होगी ट्रांसफर लाभार्थियों की सूची हुई तैयार



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 15वीं किस्त का इंतजार कर रहे किसानों के लिए खुशखबरी है. सरकार दिवाली से पहले ही किसानों के खाते में 15वीं किस्त ट्रांसफर करने की प्लानिंग कर रही है.. यही नहीं इसके लिए सरकार ने लाभार्थियों की सूची भी बनाकर तैयार कर ली है. बताया जा रहा है, इस बार भी लगभग ढाई करोड़ किसान ऐसे हैं जिन्हें सूची में शामिल नहीं किया गया है. क्योंकि उन्होने सरकार द्वारा बताए नियम फॉलो नहीं किये हैं. साथ ही सरकार ने ये भी साफ कर दिया है कि यदि पति और पत्नी दोनों किसान हैं तो उन्हें योजना का लाभ मिलेगा या नहीं. पति व पत्नी को लाभ के सवाल पर सरकार ने साफ किया है कि घर के केवल एक ही सदस्य को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिल सकेगा. परिवार का मुखिया जिसके नाम पर जमीन है योजना का लाभ लेने के लिए प्राथमिकता होगी. आपको बता दें कि इसी साल पांच राज्यों में चुनाव है. जिसके चलते 15वीं किस्त टाइम से पहले ही सरकार किसानों के खाते में ट्रांसफर करेगी. बताया जा रहा है कि दिवाली से पहले किसानों के खाते में 15वीं किस्त डिजिटली स्वयं पीएम मोदी ट्रांसफर करेंगे. हालाकिं इसकी कोई आधिकारिक घोषणा अभी तक नहीं हुई है। आपको बता दें कि यदि आपने अभी तक भी ईकेवाईसी नहीं कराया है तो तत्काल करा लें. क्योंकि बिना ईकेवाईसी व भूसत्यापन के किसी को भी पीएम किसान निधि का लाभ नहीं दिया जाएगा. इसी के चलते पहले भी करीब 3 करोड़ किसान योजना से वंचित रह जाएंगे. बताया जा रहा है कि 15वीं किस्त की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं. सरकार द्वारा कार्यक्रम डिसाइड करते ही किसानों के खाते में किस्त के पैसे ट्रांसफर कर दिये जाएंगे।

## एनएसयूआई ने लगाए पक्षपात के आरोप, डीयू ने बताया निराधार

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में पक्षपात के आरोप भी लगे हैं। कांग्रेस समर्थित एनएसयूआई से जुड़े छात्रों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन की सांठ-गांठ से लक्ष्मी बाई कॉलेज में फज़ी वोटिंग कराई गई है। इन छात्रों का कहना था कि विश्वविद्यालय प्रशासन पूरी तरह से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कठपुतली बनकर रह गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन आरोपों को पूरी तरह से निराधार और मनगढ़ंत बताया है। शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव के दौरान से एनएसयूआई जुड़े छात्रों ने यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि छात्रसंघ चुनाव के दौरान यहां एनएसयूआई के प्रत्याशियों तक को कॉलेज के अंदर नहीं जाने दिया गया। एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि यह चुनाव छात्र बनाम सरकार है। छात्र इसका जवाब वोट से देंगें। एनएसयूआई के नीतेश ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ज़बरदस्ती दूसरे पक्ष के समर्थन में वोट डलवाने का दबाव बना रहा है। हालांकि, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने इस प्रकार के सभी आरोपी को झूठा करार दिया है। विद्यार्थी परिषद का कहना है कि छात्र अपनी इच्छा से मतदान कर रहे हैं और छात्रों में मतदान को लेकर अच्छा खासा उत्साह भी देखा जा सकता है।



## कावेरी मामले पर कोई सुझाव नहीं दूंगा : पूर्व पीएम देवेगौड़ा

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) अध्यक्ष एचडी. देवेगौड़ा ने कावेरी मुद्दे पर साफ तौर पर कहा कि वह इस समय कावेरी नदी जल बंटवारे के मुद्दे पर कोई सुझाव नहीं देंगे। नई दिल्ली में पत्रकारों को संबोधित करते हुए देवेगौड़ा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु को पानी छोड़ने का आदेश दिया था। उन्होंने कहा, मैंने कहा है कि कावेरी मामले पर पूरा सहयोग दिया जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री ने आगे कहा, मैंने सदन के पटल पर बात की और कहा कि वहां पांच सदस्यों को भेजें जो तमिलनाडु या कर्नाटक से नहीं हैं। उन्हें वहां जाकर फसल की स्थिति भंडारण और परिस्थितियों का अध्ययन करने दें। लेकिन, अध्यक्ष ने कहा नहीं। पूर्व मुख्यमंत्री एचडी. कुमारस्वामी (उनके बेटे) ने एक बयान जारी कर कहा था कि तमिलनाडु को पानी छोड़ना सही नहीं है।

## एनडीए गठबंधन में शामिल हुआ जेडीएस भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने की घोषणा

**नई दिल्ली।** जेडीएस आधिकारिक तौर पर एनडीए गठबंधन का हिस्सा बन गया है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जेडीएस का एनडीए गठबंधन में स्वागत करते हुए दावा किया है कि यह एनडीए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के न्यू इंडिया, स्ट्रांग इंडिया के दृष्टिकोण को और मजबूत करेगा। इससे पहले कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जेडीएस के नेता एचडी कुमारस्वामी ने नई दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की।

तीनों नेताओं की इस मुलाकात में गठबंधन को लेकर सहमति बनी और उसके बाद जेपी नड्डा ने गठबंधन का ऐलान कर दिया। कुमारस्वामी की नड्डा और शाह



से मुलाकात के दौरान गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सांवत भी मौजूद रहें। जेपी नड्डा ने मुलाकात की तस्वीरों को एक्स पर पोस्ट कर बताया, हमारे वरिष्ठ नेता और गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जेडी (एस) नेता एचडी. कुमारस्वामी से मुलाकात की। मुझे खुशी है कि जेडी (एस) ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा बनने का फैसला किया है। हम एनडीए में उनका तहे दिल से स्वागत करते हैं। यह एनडीए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के न्यू इंडिया, स्ट्रांग इंडिया के दृष्टिकोण को और मजबूत करेगा।

## बुरहानपुर में अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़, 16 देसी पिस्टल बरामद

**बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले में पुलिस के हाथ एक बड़ी कामयाबी लगी है, यहां एक शातिर बदमाश के घर से पुलिस ने 16 देसी पिस्टल के साथ निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार गुरुवार की देर शाम को खकनार थाना क्षेत्र में मुखबिर के जरिए अवैध हथियारों के निर्माण की सूचना मिली, जिसके आधार पर पुलिस ने पाचोरी गांव में जाकर एक घर में दबिश दी तो वहां अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का खुलासा हुआ। यहां पुलिस ने एक आरोपी को भी दबोचा है, जिसे बड़वानी जिले के कोमलती का रहने वाला गुरुदेव बताया गया है। पुलिस ने 16 देसी पिस्टल भी बरामद किया है। इसकी



कीमत 1.75 लाख रुपए बताई गई है।

## अमित शाह और जेपी नड्डा से मिले एचडी कुमारस्वामी



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जेडीएस के नेता एचडी कुमारस्वामी ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की है। तीनों नेताओं की मुलाकात के बाद लगभग तय हो गया है कि जेडीएस आधिकारिक रूप से जल्द ही एनडीए गठबंधन में शामिल हो सकती है। कुमारस्वामी की नड्डा और शाह से मुलाकात के दौरान गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सांवत भी मौजूद रहें। बताया जा रहा है भाजपा और जेडीएस, दोनों ही राजनीतिक दलों की तरफ से जल्द ही इसे लेकर औपचारिक ऐलान किया जा सकता है। भाजपा और जेडीएस मिलकर 2024 में होने आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ेगी।

**लिव-इन पार्टनर** जी हां, हाई कोर्ट ने विवाहित पुरुष पर उसकी 'लिव-इन पार्टनर' के बलात्कार के आरोप को खारिज करते हुए कहा

## शादीशुदा महिला लिव-इन पार्टनर पर रेप का आरोप नहीं लगा सकती

**नई दिल्ली।** लिव इन में रहने वाले लोगों को दिल्ली हाई कोर्ट का यह फैसला जरूर पढ़ना चाहिए। जी हां, हाई कोर्ट ने एक विवाहित पुरुष पर उसकी 'लिव-इन पार्टनर' के बलात्कार के आरोप को खारिज करते हुए कहा है कि पहले किसी से विवाह बंधन में बंध चुकी महिला दावा नहीं कर सकती कि दूसरे व्यक्ति ने शादी का झूठा वादा कर उसके साथ यौन संबंध बनाए। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने बृहस्पतिवार को जारी एक आदेश में कहा कि इस मामले में दो ऐसे व्यक्ति शामिल हैं जो एक-दूसरे से कानूनी रूप से विवाह करने के अयोग्य हैं लेकिन वे 'लिव-इन रिलेशन एग्रीमेंट' के तहत एक साथ रह रहे थे। लिव-इन का मतलब विवाह के बगैर एक महिला और पुरुष का साथ रहना। जब पीड़िता पहले से विवाहित होने के कारण दूसरे से कानूनी रूप से विवाह नहीं कर सकती तो वह इस बात का दावा नहीं कर सकती कि उसे विवाह का झूठा वादा कर यौन संबंध बनाने के लिए बहकाया गया।

उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 376




(बलात्कार के लिए सजा) के तहत उपलब्ध सुरक्षा और अन्य उपायों का लाभ इस प्रकार की 'पीड़िता' को नहीं मिल सकता। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि किसी अन्य के साथ विवाह बंधन में बंधे दो वयस्कों का सहमति से 'लिव-इन' संबंध में रहना अपराध नहीं है और पक्षकारों को अपनी पसंद चुनने का अधिकार है। हालांकि (ऐसे मामलों में) पुरुषों और महिलाओं दोनों को इस प्रकार के संबंधों के परिणाम के प्रति सचेत होना चाहिए। अदालत ने कहा, 'शिकायतकर्ता/प्रतिवादी नंबर-2 स्वयं कानूनी रूप से तलाकशुदा नहीं थी और उसने अभी तक तलाक नहीं लिया है, ऐसे में याचिकाकर्ता कानून के अनुसार उससे शादी नहीं कर सकता था। समझौते में यह भी उल्लेख नहीं किया गया है कि याचिकाकर्ता/आरोपी के शादी के वादे के कारण वे एक-दूसरे के साथ रह रहे थे या इसके कारण रिश्ते में थे।' मौजूदा मामले में याचिकाकर्ता आरोपी ने कथित बलात्कार के संबंध में स्नढ्ढक्र रद्द किए जाने का अनुरोध किया था। उसने इसके पक्ष में कई आधार पेश किए, जिनमें एक आधार यह था कि शिकायतकर्ता का स्वयं का आचरण लोक नीति और समाज के मापदंडों के खिलाफ था। न्यायमूर्ति शर्मा ने आरोपी द्वारा शिकायतकर्ता के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों की निंदा की और इसे उसकी महिला विरोधी सोच बताया। अदालत ने कहा कि यही समान मानक पुरुष पर भी लागू होते हैं और न्यायाधीश लैंगिकता के आधार पर नैतिक निर्णय नहीं दे सकते।

# शिक्षक नहीं होता कभी सेवा निवृत : सिसोदिया

**योगेश शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

मेरे व्यक्तिगत विचार अनुसार शिक्षक कभी सेवा निवृत नही होता,बल्कि उसके ऊपर लगे शासकीय प्रतिबंधों से मुक्त होकर और भी स्वतंत्र रूप से कार्य करने लगता हैं। उक्त विचार मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विश्वजीत सिंह सिसोदिया ने व्यक्त किए। वह पीएम श्री कन्या माध्यमिक विद्यालय बीनागंज में मुख्य अतिथि की हैसियत से सम्मान समारोह को संबोधित कर रहें थे। विशिष्ट अतिथि गुना जिला शिक्षाधिकारी चन्द्र शेखर सिसोदिया ने कहा कि सेवा निवृत्ति पर प्रत्येक शिक्षक को भी इसी प्रकार का सम्मान मिलना चाहिए। जैसा कि आज इस विद्यालय में लोधा जी को मिला। लोधा जी इस सम्मान के हकदार भी थे। इस विद्यालय की व्यवस्था और अनुशासन को देखकर लगता हैं कि यहां का पूरा स्टाप बधाई का पात्र हैं। उन्होंने आगे की शिक्षक पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी के साथ कार्य करें में आपके साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होने दूंगा। विशिष्ट अतिथि राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय उपाध्यक्ष प्रद्युमन कुमार सोनी ने कहा कि इस विद्यालय में मैरा आना जाना सन 1994से हैं। मैने जो अनुशासन और व्यवस्थाएं इस विद्यालय में देखी हैं। शायद ही कही देखने को मिलेगी। यहा का स्टाफ वाकई में बधाई का पात्र हैं। सेवा निवृत शिक्षक प्रेमनारायण लोधा ने हृदय उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं ईश्वर से प्रार्थना करुगा की अगले जन्म में भी मैं एक शिक्षक बनू और इसी विद्यालय में इसी स्टाफ के साथ कार्य करू। मुझे इस विद्यालय में जो मान सम्मान मिला उसको शायद ही कभी भुला पाऊंगा। समारोह को विद्यालय की पूर्व प्रधानाध्यापिका श्री मति कांता जैन, नंद कुमार लोधा आदि ने भी संबोधित किया। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा ज्ञान दाहिनी का सरस्वती के श्री चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया गया।




तत्पश्यात विद्यालय की छात्राओं प्रगति मीना, सलोनी विश्वकर्मा, और क्रांति वंशकार द्वारा सुंदर स्वर में स्वर की देवी मां सरस्वती की वन्दना की। तत्पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। अतिथियों के स्वागत में श्रीमती शारदा शक्यवार द्वारा शानदार गीत प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती प्रभावती भार्गव द्वारा शानदार विदाई गीत की प्रस्तुति दी । सविता जैन द्वारा साहित्यिक भाषा में अभिनंदन पत्र तैयार कर वाचन उपरांत श्री लोधा को सोपा। अतिथियों द्वारा सेवानिवृत शिक्षक प्रेमनारायण लोधा का शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया । अतिथियों द्वारा श्री लोधा के अलावा पूर्व प्रधानाध्यापिका श्री मति कांता जैन, श्री कन्हैया लाल अहिरवार, श्री सत्यनारायण नामदेव और बीनागंज से मां वैष्णोदेवी कीलगभग 1300किलोमीटर कि पदयात्रा कर लोटे राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना का भी शाल श्री फल भेट कर स्वागत किया । उक्त गरिमामई समारोह का संचालन कर्मचारी नेता कृष्ण गोपाल मीना द्वारा किया गया।जबकि आभार जनशिक्षा केंद्र प्रभारी जयप्रकाश शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया। अतिथियों द्वारा विद्यालय की छात्राओं को पेन और टाफी भेट कर उनका आत्मविश्वास बढ़ाया। स्नेहभोज के उपरांत कार्यक्रम समापन हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य कन्हैयालाल अहिरवार सुरेन्द्र सिंह चौहान, संतोष सिंह परिहार, स्नेहलता जगदीश श्रीवास्तव,उषा साहू, स्नेहलता पाण्डे,राकेश शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, ताराचंद साहू, अशोक शर्मा, सुरेश मीना,अजय श्रीवास्तव, गणेशराम लोधा,अंजुम कुरैशी, महेश आयसर,हुकुमचंद साहू प्रताप शाक्यवार, गोपाल बाबू मैथिल, कृष्ण गोपाल वर्मा, मोहर सिंह भील,गोपाल कृष्ण वर्मा, सुधा सोनी, प्रभावती भार्गव, अनुराधा साहू,ऋचा वर्मा, कृष्णा शाक्यवार, वंदना वर्मा, सविता जैन, धर्मेन्द्र रघुवंशी, नरोत्तम यादव, नरेन्द्र जकेले, नारायण लाल अहिरवार,ममता लोधा,विमलेश लोधा,अभिषेक मीना, जितेन्द्र लोधा, जगदीश टेलर, हुकम सिंह, रामेश्वर मीना, अतर सिंह मीना, महेश साहू , बाल केबिनेट की प्रधान मंत्री प्रगति मीना सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## एक्सीडेंट के दो क्रोस प्रकरण में कोर्ट में कराया राजीनामा

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पिछोर। ग्राम राजपुर के मोहन सिंह लोधी व रघुवीर सिंह लोधी और ग्राम घटबरा के मनोज जाटव व रामकिशन जाटव के मध्य एक्सीडेंट के बाद मात्र 22 दिन के अंदर कराया राजीनामा । पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश कुमार सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले, एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के निर्देशन में व थाना पिछोर टीआई शिव सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस थाना पिछोर ने दो पक्षों में एक्सीडेंट के क्रॉस प्रकरण में कोर्ट में कराया राजीनामा । दिनांक 30/8/23 को ग्राम कछौआ के मोड़ पर मोहन सिंह लोधी निवासी राजपुर की मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स नंबरस्ब्क्33स्ब्4296 का मनोज जाटव निवासी घटबरा की मोटरसाइकिल हीरो एच एफ डीलक्स नंबर स्ब्क्33स्ब्ब्406 से आमने-सामने से टक्कर हो गई



थी जिसमें मोहन सिंह लोधी व दूसरे पक्ष के मनोज जाटव व उसकी मौसी की लड़की सुमन जाटव निवासी पीपलखेड़ा घायल हो गये । दोनों पक्ष की एक्सीडेंट की क्रोस एफआईआर थाना पिछोर में पंजीबद्ध की थी ।मोहन सिंह लोधी की मोटरसाइकिल उसके पिता रघुवीर सिंह लोधी के नाम से थी व मनोज जाटव की मोटरसाइकिल उसके पिता रामकिशन जाटव के नाम थी ।दोनों पक्ष के पास ड्राइविंग लाइसेंस व बीमा नहीं था इस कारण मोटरसाइकिल चालक मोहन सिंह लोधी व उसके पिता रघुवीर सिंह लोधी और मोटरसाइकिल चालक मनोज जाटव व उसके पिता रामकिशन जाटव भी आरोपी बने। आज पुलिस थाना पिछोर ने दोनों पक्ष का कोर्ट में राजीनामा कराया । पुलिस थाना पिछोर ने दोनों पक्ष में एक्सीडेंट के 22 दिन के अंदर आज मान्यनीय न्यायालय श्रीमान अमनदीप सिंह छाबड़ा जेएमएफसी पिछोर न्यायालय के समक्ष राजीनामा कराया एवं दोनों पक्ष ने भविष्य में मोटरसाइकिल चलाने का ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने व मोटरसाइकिल का बीमा कराने का वादा किया। समाधान योजना व लोक अदालत में पक्षकार भविष्य में भी समझौता बिना किसी शुल्क के कर सकते हैं। पिछोर की टीम के एस आई विनोद भार्गव , एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान ,प्रधान आरक्षक संतोष यादव व आरक्षक प्रदीप कौरव की सराहनीय भूमिका रही।

## स्वच्छता पखवाड़ा एवं मिलेट्स जागरूकता अंतर्गत कृषकों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय कृषि विज्ञान केन्द, शिवपुरी पर स्वच्छता के फ्लेगशिप कार्यक्रमों में स्वच्छता शपथ लेते हुए अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में संदेश प्रसारित किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी एवं उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला शिवपुरी यू.एस.तोमर द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी पर कृषि विज्ञान केन्द्र के स्टाफ, कृषि छात्रों एवं कृषकों के साथ स्वच्छता शपथ दिलाई गई एवं अपशिष्ट प्रबंधन हेतु




वर्मीकम्पोस्ट एवं अन्य उपयोगी सामग्री बनाने हेतू जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।इसी दौरान केंद्र पर मिलेट्स महोत्सव गतिविधियों में फसल संग्रहालय-मिलेट्स, फसलों की जानकारी तथा वर्षा जल संचय के यूनिक मॉडल-एकीकृत कृषि प्रणाली इकाई से मत्स्य मुर्गी पालन एवं मूल्यवान फसलों की खेती इत्यादि प्रदर्शन इकाइयों का अवलोकन कर कृषि विज्ञान केंद्र शिवपुरी के कार्यों को सराहा। इस अवसर पर ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव के लिए आए कृषि महाविद्यालय ग्वालियर के छात्रों के शैक्षिक एवं भविष्य के लिए उचित मार्गदर्शन भी दिया। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती उत्पादन के बारे में कृषकों को जागरूक करने के लिए कृषि छात्रों को कहा गया।

## शासकीय महाविद्यालय नरवर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप गतिविधि आयोजित

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**




**शिवपुरी**–शासकीय महाविद्यालय नरवर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अनिवार्य मतदान प्रत्येक मतदाता के लिए विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थी प्रतिभागी रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर नवल किशोर द्वारा छात्र-छात्राओं को मतदान की अनिवार्यता विषय पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया गया तथा अनेक उदाहरण भी दिए।इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। भाषण प्रतियोगिता में संभव पाठक बी.ए. प्रथम वर्ष, पल्लवी बैश बी.ए. तृतीय वर्ष एवं सुरेंद्र कुशवाहा बी.ए. प्रथम वर्ष ने क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। नोडल अधिकारी राज देशमुख द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ रूपेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में धर्मेन्द्र सिंह रावत द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

## गौशाला में बेमौत मर रही गायों की मृत्यु रोकने के लिए गौ भक्त मण्डल शनिवार को कलेक्टर को देगें ज्ञापन

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- जिला मुख्यालय पर बार्ड क्र 16 लुधावली में नगर पालिका शिवपुरी द्वारा संचालित गौशाला में गत कई दिनों से भूख प्यास एवं बीमारियों से तड़प तड़प कर अनेक गायों की अकाल मौत हो चुकी है जिसके कारण शिवपुरी के सभी गौ भक्त अत्यधिक दुखी हैं। इसी कारण आज शिवपुरी के अनेक गौभक्त वीर सावरकर पार्क में एकत्रित हुए जिन्होंने गायों की अकाल मौत पर बहुत दुख व्यक्त किया। एवं मृत गायों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। एवं सभी ने एकमत होकर निर्णय लिया कि शिवपुरी



गौशाला की स्थिति में सुधार हेतु सभी को जिला कलेक्टर महोदय को ज्ञापन देकर उनसे गौशाला की स्थिति में सुधार हेतु अनुरोध करना चाहिए। इसी क्रम में सभी की सहमति से कल शनिवार 23 तारीख को शाम 4 बजे सभी गौ भक्त जिला कलेक्टर कार्यालय शिवपुरी पर गौशाला की स्थिति में सुधार हेतु ज्ञापन देंगे जिसके लिए शिवपुरी शहर के सभी गौभक्त सादर आमंत्रित हैं।* आज की मीटिंग में रघुराज गुर्जर राजू पार्षद, दिनेश जैन अध्यक्ष सकल जैन समाज महापंचायत, मनोज शर्मा बजरंगी, मुकेश जैन पत्रकार, मुकेश रघुवंशी, महेन्द्र जैन भैयन, अभिनंदन जैन, अंकित रघुवंशी, प्रयाग जाट, कपिल शर्मा, अवधेश शिवहरे, पुनीत राजे, प्रशांत शर्मा, अशोक कुमार, धर्मेंद्र कुशवाह, शैलेंद्र जैन, आरती जैन, महेन्द्र पाल अन्नू, आदि गौभक्त सदस्य उपिस्थित थे।

## शासकीय महाविद्यालय दिनारा मे हिंदी पखवाडे का आयोजन



**हरिओम चतुर्वेदी**
**पत्रकार**



शासकीय महाविद्यालय दिनारा में हिंदी पखवाडे का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ एस.एस गौतम के निर्देशानुसार हिंदी पखवाड़े के परिपेक्ष में निबंध ,कहानी, एवं कविता आदि विधाओं में प्रतियोगिता आयोजित की गई। महाविद्यालय में हिंदी दिवस भी मनाया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रशांत विश्वकर्मा, मनोज कुशवाह , भावेश कोहली ,नैंसी योगी, राहुल जाटव ने भाग लिया। कविता एवं कहानी प्रतियोगिता में प्रशांत परिहार ,मुस्कान गौतम, अमन अहिरवार, राहुल जाटव ने भाग लिया। कार्यक्रम की प्रभारी डॉ प्रीति गुप्ता सदस्य डॉ दीपिका सिंह कुशवाहा एवं सौरव यादव सहित समस्त स्टाफ, छात्र/ छात्राएं उपस्थित रहे।

संपत्ती संबंधी अपराधों मे शिवपुरी पुलिस की सक्रिय कार्यवाही

# पुलिस थाना नरवर द्वारा दो मन्दिरो से चोरी गये मूर्ति, घन्टे व नगदी को 24 घन्टे के अन्दर बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह भदौरिया के निर्देशन मे चलाये जा रहे सम्पति सबंधी अपराधों की रोकथाम एवं अपराधों मे आरोपियों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा है, पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी चुनावों के चलते समस्त थाना प्रभारियों को आरोपियों पर कार्यवाही हेतु आवश्यक निर्देश दिये जा रहे हैं । उक्त निर्देशों के पालन मे अतिरिक्त पुलि अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा शिवनारायण मुकाती के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी नरवर द्वारा सम्पति सवंधी अपराधों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुये आज दिनांक 22.9.2023 को फरियादी प्रेम सिह कुशबाह पुत्र गोविन्द सिह कुशबाह निवासी बार्ड क्र 01 तलैया ने रात्रि मे वंजारी माता मंदिर पर से पाँच घन्टे पीतल के बड़े एवं छं घन्टे पीतल के छोटे एवं चडोत्री के दस जोडी चाँदी के विछिया एवं एक जोडी चाँदी की तोडिया एवं दो शेर पीतल के एक माता की मूर्ति पीतल की एवं चडोत्री के 1100 रु नगदी के लगभग चोरी होने के सबंध मे रिपोर्ट की थी जिस पर से अप. क्र 252 / 23 धारा 457.380 भादवि का कायम कर विवेचना लिया गया एंव उक्त दिनांक को ही फरियादी कल्याणसिह बैरागी पुत्र लखनदास बैरागी उम्र 55 साल निवासी वार्ड क्र. 14 सिकन्दरपुर नरवर ने हमराह अपने मोहल्ले के धोनी गुर्जर के उपस्थित थाना आकर जुवानी रिपोर्ट किया की दिनाँक 20.09.23 को रात्रि मे अंगोली चक राम जानकी मन्दिर से पीतल के दो घन्टे बडे एवं तीन घन्टा छोटे, एक नारायणजी की मूर्ती तामे की, एवं एक गणेशजी की मूर्ती तामे




की, श्रीकृष्णजी की मूर्ती पीतल की मूरली चांदी की सहित, एक पीतल का गिलाश, एक पीतल की राधाजी की मूर्ती, एक बंशीबाले की पीतल की मूर्ती छोटीबाली, दो मूर्ती पीतल की ठाकुरजी की छोटी बाली, एक मूर्ती पीतल की हनुमान जी की छोटी बाली, दो आरती बाले दीपक पीतल के, दो आरती की घन्टी पीतल की, एक पीतल का छोटा स्टेंड एवं दो चांदी के छोटे मुकुट एवं दो शंक एक बडा एक छोटा को अज्ञात चोर रामजानकी मंदिर का रात्रि में ताला तोडकर चोरी हो जाने की रिपोर्ट की थी उक्त रिपोर्ट पर से अप. क्र 253/23 धारा 457.380 भादवि का कायम कर विवेचला मे लिया गया । दौराने विवेचना आज दिनांक 22.09.2023 को मुखविर की सूचना पर से संदेही गुलाब कुशबाह पुत्र बालगोविन्द कुशबाह उम्र 28 साल निवासी ग्राम जोरा थाना भितरवार को सिन्ध नदी के पुल पर से गिरफ्तार कर पूछताछ की गयी तो उसने दोनो मन्दिर मे चोरी करना स्वीकार किया एवं उसके कब्जे से चोरी गया मसरूका बरामद किया गया आरोपी को जे. आर. पर माननीय न्यायालय करैरा में पेश किया जाकर उप जेल करैरा में दाखिल किया गया है । थाना प्रभारी नरवर व्दारा तत्परता से कार्यवाही करते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में टीम गठित कर चोरी गई मशरूका को मात्र 24 घंटे के अंदर बरामद किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है । उक्त दोनो अपराध मे आरोपी से कुल लगभग 1 लाख रूपये का मसरूका बरामद किया गया है उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. नरेन्द्र सिह कुशबाह, उप निरी. दीपक शर्मा, सउनि अजय पटेल, सउनि आर. एस चौकोटिया का.वा.स.उ.नि. अरविन्द्र सगर, का. वा. प्र. आर. 891 डैनी कुमार, आर. 876 संतोष, आर. 112 हुकुम खाँन, आर. 809 अवदेश रावत, आर. 743 सुनील, आर. 321 महेन्द्र कुशबाह की सराहनीय भूमिका रही है।

# आगामी बुढ़वा मंगल को दंदरौआ धाम पर लगेगा विशाल मेला

**उमाकान्त शर्मा दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दंदरौआ धाम पर आगामी 26 सितम्बर को बुढ़वा मंगल के पावन पर्व पर विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा जिसमें रूद्राभिषेक, सुन्दरकाण्ड का पाठ, फूल बंगला एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। बुढ़वा मंगल के दिन प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों से उत्तरप्रदेश के औरैया, इटावा, आगरा, मैनपुरी, एटा, फिरोजाबाद, कानपुर, प्रयागराज सहित कई जिलों के श्रद्धालु दंदरौआ धाम में आते है।।बुढ़वा मंगल को 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया जा रहा है दंदरौआ धाम के महंत श्रीश्री 1008 महामण्डलेश्वर श्री रामदास जी महाराज ने मंदिर परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि बुढ़वा मंगल के दिन हनुमान जी माता सीता जी की खोज में लंका गये थे, लंका में जाकर उन्होंने राक्षसों का मान मर्दन किया और लंका को जलाकर वापस लौट कर भगवान श्री राम को वहॉं के समाचार सुनाए थे जिससे भगवान





श्री राम जी ने प्रसन्न होकर हनुमान को तिलक लगाकर पुष्पहार पहना कर स्वागत किया, इसलिए बुढवा मंगल के दिन हनुमान जी के पूजा का विशेष महत्व है। महाराज जी ने पत्रकारों को बताया कि जैसे 24 एकादशियों में निर्जला एकादशी का विशेष महत्व है, उसी प्रकार पूरे वर्ष के मंगलवारों का फल बुढ़वा मंगलवार के दिन हनुमान जी पूजा एवं दर्शन करने का विशेष महत्व होता है, यह मंगलवार 26 सितम्बर को पड़ रहा है। धाम के प्रवक्ता जलज त्रिपाठी ने बताया कि बुढ़वा मंगल के दिन जिले के अलावा बाहर से पैदल आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भिण्ड से लेकर दंदरौआ धाम तक जगह-जगह भण्डारे एंव पेयजल की व्यवस्था भक्तों द्वारा प्रति वर्ष की जाती है। महाराज जी ने बताया कि दंदरौआ धाम के सखी हनुमान जी आदि वैद्य हैं, इनके दर्शन मात्र से मनुष्य शरीर के विभिन्न रोगों का निवारण हो जाता है। इसलिए प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण दर्शन करने के लिए दंदरौआ धाम में आते हैं।

# जिले में गणेश मूर्ति विसर्जन अस्थाई कुंड में ही किया जाएगा



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

एनजीटी के निर्देश अनुसार पर्यावरण की सुरक्षा प्राथमिकता, आम जनता के सहयोग से वातावरण की सुरक्षा और नदी संरक्षण के लिए प्रदूषण को रोकना जरूरी, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति की बैठक में आम सहमति से निर्णय लिया।

भिण्ड । भिंड जिले में अनंत चतुर्दशी पर गणेश मूर्ति का विसर्जन अस्थाई कुंड बनाकर किया जाएगा, इसके लिए गौरी सरोवर, नदी के किनारों पर अस्थाई कुंड बनाए जायेंगे। जिले में सभी तहसीलों और स्थानीय स्तर पर अस्थाई कुंड बनाए जाएंगे और मूर्ति विसर्जन केवल कुंडो में ही किया जाएगा। मूर्ति विसर्जन के समय नगर पालिका, नगर पंचायत , स्थानीय स्तर पर लाइट की व्यवस्था करेंगे, इसके लिए एमपीईबी और नगर पालिका सीएमओ को भी निर्देश दिए गए। गणेश मूर्ति विसर्जन के लिए शांति समिति में सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया की जिले में कुंड में ही मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। आम जनता को इसकी जानकारी देने के लिए नगर पालिका, नगर पंचायत, और ग्राम पंचायत पर भी मीटिंग बुलाकर इस संबंध में जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने कहा की नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश अनुसार नदियों , तालाबों और प्राकृतिक स्त्रोतों में जल जीवो के संरक्षण और पानी में गंदगी से रोकने के लिए मूर्ति विसर्जन अस्थाई कुंडो में ही किया जायेगा। कलेक्टर भिंड ने निर्देश दिए की विसर्जन स्थलो और नदियों के आस पास ही अस्थाई कुंड बनाए जायेंगे। इसके अतिरिक्त कुछ जगहों शहर में विसर्जन के लिए मूर्तियो को एकत्रित कर कुंड में ही विसर्जन किया जाएगा। इसके लिए नगर पालिका के द्वारा अस्थाई रूप से मूर्ति एकत्रित केंद्र भी बनाए जाएंगे और पूरी विधि विधान से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। पुलिस अधिक्षक मनीष खत्री ने कहा की जन सुरक्षा और आम आदमी को सुविधा के लिए इस बार शहर में पुलिस को व्यवस्था चाक चौबंद रहेंगी। विसर्जन स्थलो के आस पास भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए जवान को ड्यूटी लगाई जायेगी। थाना स्तर पर भी अलग से स्थानीय स्तर पर शांति समिति को बैठक का आयोजन किया जायेगा। शांति समिति की बैठक में सभी ने एक स्वर में कहा की ईद मिलाद उन्नबी के जलसे के साथ गणेश विसर्जन जुलूस का निकाला जाएगा उसमे भी सभी समुदाय के लोगो बढ़चढ़ हिस्सा लेते है। भिंड की संस्कृति भाई- चारे के साथ त्योहार मानने की रही है,दोनो त्योहार सभी हर्ष उल्लास के साथ मनाए जायेंगे। बैठक में सभी समुदाय के प्रतिनिधि उपस्थित रहे और उन्होंने अपने विचार रखे।

## भांवरी विद्यालय में सांसद खेल महाकुंभ कार्यक्रम का आयोजन किया

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान**



**पाली ।** भांवरी गॉव राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर मे कक्षा 9से12 छात्र छात्राओं को सांसद खेल महाकुंभ के वितरण किए गए जिसमे सभी विद्यालय के छात्रों एवं ग्रामीणों ने खेल प्रोग्राम में भाग लिया उन सभी को दिया गया । इस मौके पर महंत श्री ज्ञानदास उपसरंपच प्रधानाध्यापक नंदलाल जी वार्डपंच भीमाराम भाजपा कार्यकर्ता हरिभाई पटेल रूपावास दलाराम दिलीप पटेल विक्रम सिंह गोपाल सिंह खरताराम जगदीश देवासी कुकाराम मेगवंशी सहित कई ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

## त्योहारों को लेकर थाना परिषर में हुई शांति समिति की बैठक

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



गोहद थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें राधा अष्टमी ,मिलादुन्नवी, गणेश विसर्जन, पर्यूषण पर्व रथ यात्रा महोत्सव आदि के आयोजनों को लेकर लोगों से चर्चा की गई जिसमें मुख्य रूप से एसडीओपी सौरभ कुमार एवं थाना प्रभारी राजेश शर्मा ने सभी लोगों से सुझाव मांगे साथ ही त्योहार पर हंसी खुशी से मनाने का आग्रह किया गणेश जी विसर्जन के लिए जगह चिन्हित की एवं सुबह 9ः00 बजे से 3ः00 तक मिलादुन्नबी एवं 3ः00 बजे के बाद गणेश विसर्जन का कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर विचार विमर्श किया इस दौरान पार्षद लाखन सिंह गुर्जर आतम दास जाटव साबू खान,अकरम चौधरी हसमत अली हजरत खान डॉक्टर नसीर अहमद अबरार खान गुड्डू भदोरिया सहित लगभग दो दर्जन से अधिक लोग उपस्थित रहे।

## ककरहटी नगर परिषद् के हाल वेहाल

**संभागीय ब्यूरो पुष्पांजली टुडे की खबर**



वाड़ नं.2 में नाली निर्माण व 3 में सड़क में जल भराव बनी समस्या, कई बार आवेदन पत्र देने के बाद भी नहीं हो रहा समस्या का निदान



ककरहटी- ककरहटी नगर परिषद् की मनमानी से लोग परेशान हैं। पन्ना कलेक्टर को भी समस्या के निराकरण को लेकर आवेदन पत्र ग्रामीणों ने दिए लेकिन नगर परिषद् के जिम्मेदारों पर कोई असर होता हुआ नजर नहीं आ रहा है। ताज़ा मामला ककरहटी नगर परिषद् क्षेत्र के वार्ड नं 02 एवं 03 से सामने आया है जहां बाड़ 2 में रावेंद्र यादव के मकान से जीतेद्र यादव के मकान तक करीब 300 मीटर लंबी नाली का निर्माण ना होने से जनता बेहद परेशान हैं तो वहीं वाड़ नं.03 में सड़क में नाली का पानी भर रहा है। जिसके चलते इस सड़क से गुजरने बाले आमजन, विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही लोगों ने मांग की है की सड़क पर कंक्रीट डालकर सड़क की उंचाई कराई जाए ताकि इस जलभराव की समस्या को दूर किया जा सकें।

## मालनपुर पहुंची कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा में बोले नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा मध्य प्रदेश में परिवर्तन के लिए किया शंकानाथ जन आक्रोश यात्रा आज यात्रा मालनपुर पहुंची तो सभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने जी एस टी लागू कर छोटे-छोटे दुकानदारो दिनभर इसी का बई खाता लिखने में लगे रहते हैं सबका धंधा चौपट कर रखा है और युवा रोजगार के अभाव में आत्महत्या तक कर रहे हैं किसानों को फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है प्रदेश में 1 लाख60 हजार महिलाएं भाजपा शासन काल में लापता हुई है 48 हजार से ज्यादा नाबालिक लड़कियां लापता हुई किसानों का अब तक एक भी रुपया कर्ज माफ नहीं किया गया कांग्रेस शासन में कर्ज माफ हुए थे किसानों की फसलों को सुरक्षा हो सके लेकिन भाजपा ने सब कुछ चौपट कर दिया भाजपा सरकार ने किसानों के साथ छल कर रही है युवाओं को धोखा दे रही है महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं सरकार हर मोर्चे पर विफल है हमने जब 2020 ओलावृष्टि की आवाज विधानसभा में उठे तो भाजपा सरकार के मंत्री ने स्वीकार किया कि भ्रष्टाचार हुआ है लेकिन जांच कागजों में ही दफन होकर रह गई अभी तक भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई और अब हम यह आवाज जनता की अदालत में जनता के सामने रख रहे हैं जनता कांग्रेस को चंबल संभाग में जीता कर सही फैसला करेगी चंबल संभाग प्रभारी शिव भाटिया ने कहा कि की भाजपा




सरकार ने 18 साल शासन किया सिर्फ घोषणा पर घोषणा लेकिन मिला कुछ नहीं इसीलिए आक्रोश यात्रा जन आक्रोश यात्रा के रूप में निकाली जा रहा है जब पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने गारंटी योजना में महिला सम्मान निधि योजना निकाली तब जाकर इनको कहीं अपनी बहानो कि याद आई सभा में उपस्थित रहे स्थानीय विधायक जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा मोहम्मद कुरैशी भिंड जिला प्रभारी वासुदेव शर्मा कांग्रेस अध्यक्ष संग्राम सिंह तोमर राघवेंद्र सिंह तोमर एडवोकेट जिला पंचायत सदस्य केशव देसाई तीन दर्जन से ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ता सभा में उपस्थित हुए और मालनपुर की जनता हजारों की संख्या में उपस्थिति रही

## शिक्षा से ही राष्ट्र व समाज का उत्थान संभवः रामलाल सेंणचा

**पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा**

*मुम्बई। दिनांक 20-9-2023को श्री आईजी क्षत्रिय सीरवी विकास सेवा समिति रजि. समाज के शिक्षा प्रेमी दानदाता के अमुलय सहयोग से समाज के जरुरतमंद छात्रों को शिक्षा हेतु बिलाड़ा क्षेत्र में कुल चार परिवार को कुल=55000(पचपन हजार)की चेक दिये गये। समिति के वरिष्ठ सहलाकार सुजाराम गेहलोत ने बताया की श्री आईजी विकास सेवा समिती की ओर से पिछले कई वर्षो से समाज के जरूरतमन्द विद्यार्थियों के लिए आर्थिक सहयोग दिया जा रहा। श्री आईजी विकास सेवा समिती के सरक्षंक रामलाल सेंणचा ने कहा कि शिक्षा से कोई विद्यार्थी वर्चित न हो। उन्होंने कहा की शिक्षा से ही राष्ट व समाज का उत्थान संभव है। श्री आईजी क्षत्रिय सीरवी विकास सेवा समिति ने अब तक 5 वर्षों में अब तक 255परिवारो को कुल 75लाख तक की आर्थिक मदद दी गई व दो ऐम्बुलेंस कोराना काल एक जैतारण व दुसरी सोजत में अपनी सेवाएं दे रही है।*

# महिला बनेगी आत्मनिर्भर डॉ. वन्दना भूपेंद्र प्रेमी

## ग्रासिम इंडस्ट्रीज विक्रम बोलन मालनपुर के सहयोग से महिला स्वास्थ्य पर एक संगोष्ठी संपन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**




**ग्वालियर।** फैमिली प्लैनिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की ग्वालियर शाखा द्वारा इंडस्ट्री विक्रम वूलन मालनपुर के सहयोग से महिलाओं को उनके स्वास्थ्य पर जागरूक करने हेतु संगोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं बेटी है तो कल के सामाजिक संस्था के अध्यक्ष डॉ वन्दना भूपेंद्र प्रेमी उपस्थित थी। उन्होंने सभी को महिला स्वास्थ्य एवं उन्हें कैसे सशक्त बनाना है इस विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि हर महिला आत्मनिर्भर बन सकते हैं। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में संस्था के कार्यक्रम अधिकारी श्री अच्छेंद्र सिंह कुशवाहा उपस्थित थे। उन्होंने सभी को मौसमी बीमारी एवं डेंगू मलेरिया से बचाव पर जानकारी दी ।कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में संस्था की ओर से बरखा पाठ्य उपस्थित थे ।उन्होंने सभी को टीकाकरण पर जानकारी दी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में क्षेत्रीय आशा कार्यकर्ता नारायणी शर्मा उपस्थित थी। कार्यक्रम में कुल 45 महिलाओं को जागरूक किया कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री मुकेश माथुर एवं उषा का मुख्य योगदान रहा है। कार्यक्रम के अंत में कुमारी उमा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में संस्था की शाखा प्रबंधक श्रीमती नीलम दीक्षित जी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम किया गया।

# कमलीवाड़ा सी.आर.सी.कक्षा बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

**पाटन ब्यूरो दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गुजरात। कमलीवाड़ा सी.आर.सी. स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी-2023-2024 सीआरसी श्री उत्तमभाई साधु की अध्यक्षता में श्री ओजस विद्यालय रूनी में आयोजित हुआ। जिसमें कमलीवाड़ा सीआरसी के सभी 13 विद्यालयों ने भाग लिया। उन्होंने अपने बच्चों को छात्रों का मार्गदर्शन किया और मॉडल और कार्यों के साथ उपस्थित थे। पांच विभाग से कुल 27 कृति प्रस्तुत किए गए और 56 छात्रों ने भाग लिया और 80 छात्रों ने इस गणितीय विज्ञान प्रदर्शनीकी मुलाकात की। आज की प्रदर्शनी में सीआरसी श्री उत्तमभाई साधु ने छात्रों और शिक्षकों के साथ बातचीत की और विभिन्न प्रस्तुत कार्यों की प्रदर्शनी में भाग लेनेवाले छात्रों का मार्गदर्शन किया। मूल्यांकनकर्ता के रूप में सटीक मूल्यांकनकर्ता श्री हार्दिकभाई जोशी (श्री ओजस विद्यालय) और बालिसाना हाई स्कूल के



शिक्षक श्री भाविनभाई पटेल की भूमिका निभाई। जिसमें अनुभागवार प्रथम रैंक के विद्यार्थी तालुका स्तर पर सीआरसी कामलीवाड़ा का प्रतिनिधित्व करेंगे। खंड-1 मिनी वेंटिलेटरः श्री सरस्वती शिशुविहार स्कूल, खंड-2 पर्यावरण अनुकूल वस्तुएं बनाना हाजीपुर प्राथमिक विद्यालय, खंड-3 कृषि टुल्ल रूनी प्राथमिक विद्यालय, खंड-4 सौर ऊर्जा संचालित स्टीमर दियोदरडा प्राथमिक विद्यालय, खंड-5 गणित इकाई मॉडलो डेर कुमार प्राइमरी स्कूल. विजेता को शील्ड, प्रमाण पत्र और बॉल पेन देकर सम्मानित किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन हरगोविंद भाई पटेल द्वारा किया गया। कमालीवाड़ा सीआरसी ने भौतिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्कूल परिवार के साथ-साथ ट्रस्टी श्री अतुलभाई गामी और शैलेशभाई कर्णावत, चिरागभाई और सेवक आदि को उनके अद्भुत समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

संपादकीय

## आधी दुनिया का हक

यह सुखद संयोग ही है कि नई संसद का आगाज देश की नारी शक्ति को उसके दशकों से लंबित हक देने से हुआ है। सोमवार को केंद्रीय कैबिनेट ने लोकसभा व विधानसभाओं में तैंतीस फीसदी आरक्षण को मंजूरी दी थी। निस्संदेह, इसका देश–दुनिया में सकारात्मक संदेश जाएगा कि हम महिलाओं को उनके वाजिब हक देने को प्रतिबद्ध हैं। निस्संदेह, इस कदम से भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की सशक्त भूमिका होगी। यह प्रयास आम महिलाओं के सशक्तीकरण की राह भी खोलेगा। कह सकते हैं कि करीब तीन दशक से अटके महिला आरक्षण बिल को मूर्त रूप देने का नैतिक साहस राजग सरकार ने दिखाया। इससे लोकसभा में मौजूद 14 फीसदी व राज्यसभा में 12 फीसदी महिलाओं की स्थिति में अब सम्मानजक ढंग से इजाफा होगा। पहले संसद के विशेष सत्र को लेकर तरह–तरह के कयास लगाये जा रहे थे, अब लगता है कि विशेष सत्र बुलाना एक सार्थक कदम साबित होगा। राजग सरकार ने इस बिल का नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियम रखा है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1974 में महिलाओं की स्थिति का आकलन करने वाली समिति ने महिला आरक्षण की वकालत की थी। इस बीच विभिन्न सरकारों में इस विधेयक को सिरे चढ़ाने की कोशिश हुई। फिर वर्ष 2010 में संप्रग सरकार ने इस घविधेयक को राज्यसभा में पारित किया था। लेकिन तब संप्रग सरकार में शामिल राजद, सपा व झामुमो आदि दलों ने इसमें जातिगत आरक्षण की मांग उठाकर विधेयक की गति थाम दी थी। वैसे सवाल उठाया जा सकता है कि वर्ष 2014 में महिला आरक्षण के मुद्दे को अपने घोषणापत्र में शामिल करने के बावजूद इसे मूर्त रूप देने में इतना वक्त क्यों लगा। क्या जब देश आम चुनाव की ओर बढ़ चुका है तब महिला आरक्षण के मुद्दे को अमलीजामा पहनाने की कवायद हुई है? एक पहलू यह भी है कि विधेयक के कानून का रूप लेने के बावजूद इसका क्रियान्वयन तब संभव होगा, जब देश में जनगणना के उपरांत होने वाला परिसीमन पूर्ण होगा। यानी महिला आरक्षण का लाभ आगामी आम चुनाव में संभव नहीं होगा।बहरहाल, जनप्रतिनिधि संस्थाओं में महिला आरक्षण की व्यवस्था होना भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास में एक बड़ी घटना होगी। बेहतर होगा कि संसद के नये भवन में इस मुद्दे पर सभी राजनीतिक दल स्वस्थ चर्चा करें और आम सहमति बनाएं। इस तरह नया संसद भवन दोहरा इतिहास रचेगा। यद्यपि राजग सरकार ने विधेयक के मसौदे पर आधिकारिक स्तर पर विस्तृत जानकारी नहीं दी है, कयास लगाये जा रहे हैं कि इसके मूल स्वरूप को बरकरार रखने की कोशिश होगी। अब देखना होगा कि जिन मुद्दों पर लंबे समय तक महिला आरक्षण का विरोध किया जाता रहा है, उन्हें किस तरह संबोधित किया जाता है। हालांकि, तब विरोध करने वाले राजनीतिक दल फिलहाल दबाव बनाने की स्थिति में नहीं हैं। जिनके विरोध के चलते ही महिला आरक्षण बिल को पांच बार पारित करने की असफल कोशिश हो चुकी है। बहरहाल, इस बिल के पारित होने से देश में लैंगिक समानता आएगी। इस समय दुनिया में लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं की औसतन हिस्सेदारी 26 फीसदी है, जबकि वर्तमान में भारत में यह प्रतिशत 15.21 है। वहीं राज्य विधानसभाओं में स्थिति और ज्यादा खराब है, किसी भी राज्य में 15 फीसदी महिलाओं की भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में भागीदारी नहीं बन पायी। बहरहाल, नये विधेयक के कानून बनने के बाद भारतीय जनप्रतिनिधि संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी तैंतीस फीसदी हो जाएगी। वैसे तो देश के लोकतांत्रिक इतिहास में महिला जनप्रतिनिधियों की विशिष्ट भूमिका रही है। जिन्होंने न केवल सदन की गरिमा बनाने में बड़ी भूमिका निभाई, बल्कि अनेक महत्वपूर्ण निर्णयों में रचनात्मक योगदान भी दिया। देश की संसद के दोनों सदनों में पिछले साढ़े सात दशकों में करीब छह सौ महिला जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। बहरहाल, देर आए दुरुस्त आए, की तर्ज पर इसे भारतीय लोकतंत्र की शुभ शुरुआत कहा जा सकता है। इसके बावजूद उम्मीद करें कि जमीन से जुड़ी व महिला सरोकारों को प्रतिबद्ध महिलाएं ही जनप्रतिनिधि सदनों में पहुंचें। ऐसा न हो कि पहले से मौजूदा राजनीति में सक्रिय राजनीतिक घरानों के नेता इस पहल को अपने परिवार की महिलाओं के नाम पर राजनीति करने के अवसर में ही बदल दें।

# ‘आधी आबादी’ के आरक्षण का दाव

**एजेंसी**

*मोदी सरकार ने देश की आधी आबादी को हक दिलाने का ऐसा दाव खेला है जो बड़ों–बड़ों को चित्त कर देगा। विशेष सत्र से पहले बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कई दलों ने महिला आरक्षण विधेयक लाने और उसे पारित करने की जोरदार वकालत की है लेकिन सरकार की तरफ से कहा गया है कि उचित समय पर उचित निर्णय लिया जाएगा।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में इतिहास बदलने की क्षमता भी है और इच्छा शक्ति भी है। मोदी सरकार ने राष्ट्रीय मुद्दों पर हमेशा ही दृढ़शक्ति का परिचय दिया है। नरेन्द्र मोदी हमेशा राजनीतिक धुरंधरों और देशवासियों को चौंकाते रहे हैं। इस बार भी उन्होंने ऐसा मास्टर स्ट्रोक लगाया है कि सभी हैरान रह गए हैं। नई संसद में विशेष सत्र शुरू होते ही मोदी सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक पेश कर दिया है। अब इसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से लोकसभा में पेश किया गया है। इस विधेयक का लम्बे अर्से से इंतजार किया जा रहा था। पिछले कुछ सालों से चुनावों में महिला मतदाताओं का प्रतिशत पुरुषों से कहीं ज्यादा रहा है। मोदी सरकार ने देश की आधी आबादी को हक दिलाने का ऐसा दाव खेला है जो बड़ों–बड़ों को चित्त कर देगा। विशेष सत्र से पहले बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कई दलों ने महिला आरक्षण विधेयक लाने और उसे पारित करने की जोरदार वकालत की है लेकिन सरकार की तरफ से कहा गया है कि उचित समय पर उचित निर्णय लिया जाएगा। लगभग 27 सालों से लंबित महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा जरूर हुई। क्योंकि यह विधेयक संविधान संशोधन विधेयक है। इसलिए यह इतना आसान भी नहीं है। मूल प्रश्न यह है कि यह विधेयक पारित होते ही संसद का पूरा स्वरूप ही बदल जाएगा। भाजपा और कांग्रेस ने हमेशा इस विधेयक का समर्थन किया। हालांकि कुछ अन्य दलों ने महिला कोटा के भीतर ओबीसी आरक्षण की कुछ मांगों को लेकर इसका विरोध किया। इस मुद्दे पर आखिरी बार कदम 2010 में उठाया गया था। जब मनमोहन सिंह शासन के दौरान राज्यसभा ने हंगामे के बीच इस बिल को पारित कर दिया था और मार्शलों ने कुछ सांसदों को बाहर कर दिया था जिन्होंने महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण का विरोध किया था। हालांकि यह विधेयक रद्द हो गया क्योंकि यह लोकसभा में पारित नहीं हो सका। 2008 से पहले इस बिल को 1996, 1998, 1999 में पेश किया गया था। गीता मुखर्जी की अध्यक्षता में एक संयुक्त संसदीय समिति ने 1996 के विधेयक की जांच की थी और सात सिफारिशें की थी। तब से यह बिल लटका ही पड़ा है। 2010 में जब यह विधेयक राज्यसभा में पारित किया गया था तब समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यादव, राजग के लालू प्रसाद यादव के कड़े घविरोध के कारण इसे आगे नहीं बढ़ाया जा सक तब कई नेताओं ने विधेयक में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों के लिए कोटा के भीतर कोटा की मांग की थी। इससे पहले 1993 में संविधान में 73वां और 74वां संशोधन किया गया था जिसमें पंचायत और नगरीय निकायों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई थी। इसके अलावा देश के कम से कम 20 राज्यों में पंचायत स्तर पर महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दे रखा है। वर्तमान में 70वीं लोकसभा में केवल 15 प्रतिशत महिला सांसद हैं और राज्यसभा में सिर्फ 12.2 प्रतिशत महिला सांसद हैं। यह वैश्विक औसत से 25.5 प्रतिशत से काफी कम है। महिला आरक्षण विधेयक को लेकर विरोधियों का मानना है कि इससे केवल शहरी महिलाओं को फायदा होगा और इससे ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी नहीं हो पाएगी। 1998 में जब संसद में महिला आरक्षण विधेयक पेश ध किया गया था तब जहानाबाद के राजद सांसद सुरेन्द्र यादव इतने गुस्से में थे कि उन्होंने तत्कालीन उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण अडवाणी के हाथों से बिल की कापी लेकर फाड़ दी थी। लोकसभा में सांसदों की संख्या 543 है। वहीं महिला सांसदों की संख्या 78 है, इसका मतलब लगभग 14 प्रतिशत महिला सांसद हैं। जबकि राज्यसभा में 250 में से 32 सांसद ही महिला हैं यानी 11प्रतिशत हैं। वहीं मोदी सरकार में महिलाओं की हिस्सेदारी 5प्रतिशत के आसपास है। अगर ये विधेयक लागू हो जाता है तो लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 181 तक हो जायेगी। महिला आरक्षण समर्थकों का कहना है कि अगर महिलाओं को संसद में पुरुषों के बराबरी का स्थान मिल जाता है तो विश्व में भारत की छवि बेहतर हो जाएगी। हमारे समाज में महिलाओं की स्थिति बहुत दयनीय है। इस विधेयक के फायदों पर गौर करें तो इससे भारत की महिलाएं ज्यादा सशक्त होंगी। लिंग के आधार पर होने वाला भेदभाव कम होगा। जमीनी स्तर पर लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होंगी। संसद मात्र पुरुष सत्ता का केंद्र भर सीमित नहीं होगा और राष्ट्रीय स्तर पर कानून बनाने में महिलाओं की भागीदारी में भी इजाफा होगा। साथ ही दुनिया में भारतीय महिलाओं का सम्मान बढ़ेगा।फिलहाल यह बिल पारित कराने में सभी राजनीतिक दलों में इच्छाशक्ति का अभाव नजर आ रहा है। देश की आधी आबादी को अपना हक कब मिलेगा इसका जवाब हमेशा गोल–मोल ढंग से दिया जाता रहा है। कई राज्य विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व तो 10 प्रतिशत से भी कम है। महिला आरक्षण पर सुगबुगाहट तो तेज होती है। लगभग सभी राजनीतिक दल विधायिका में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का समर्थन करते हैं लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही निकलता है। महिला संगठन अपनी इस मांग को लेकर आंदोलन भी करते रहे हैं लेकिन यह बिल दांव–पेचों के चलते लटकता ही रहा है। यह ऐतिहासिक अवसर है कि सभी राजनीतिक दल इस पर स्वस्थ चर्चा कर इस विधेयक को पारित कराएं और देश की आधी आबादी का सपना साकार करें। जैसा कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने कहा था कि महिला के सशक्तिकरण से परिवार और समाज सशक्त होता है।

# नारी शक्ति वंदन उर्फ महिला आरक्षण

**संजीव ठाकुर**

चुनावी साल में हार की आशंकाओं के बीच जूझ रही भाजपा ने 19 सितम्बर को फिर एक चुनावी दांव चला। दांव पुराना था, लेकिन मोदी सरकार ने अपने चलन के अनुरूप उस पर नया मुलम्मा चढ़ाकर इस तरह पेश किया, मानो यह उसी की पहल हो। 19 सितम्बर, 2023 को संसद के विशेष सत्र के दूसरे दिन संसद के नए भवन से कामकाज शुरु हुआ। मोदी सरकार ने इसके लिए गणेश चतुर्थी का दिन ही क्यों चुना, ये समझना कठिन नहीं है। हिंदुओं के लिए गणेश चतुर्थी का दिन खास मायने रखता है। पहले गणेश उत्सव महाराष्ट्र के अलावा कुछ गिने–चुने राज्यों में ही धूमधाम से मनाया जाता था। लेकिन सिनेमा और टीवी की पहुंच और प्रभाव के कारण धीरे–धीरे सारे देश में इसका दायरा बढ़ने लगा। लेकिन फिर भी इस दिन को राजनैतिक तौर पर भुनाने की कोशिश अब तक किसी सरकार ने नहीं की। श्री मोदी यहां भी कीर्तिमान स्थापित कर गए। गणेश चतुर्थी के दिन संसद में प्रवेश से पहले, वे सेंट्रल विस्टा का उदघाटन पंडितों की मौजूदगी में मंत्रोच्चार के बीच कर चुके हैं और दोनों ही अवसरों पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का न होना कई सवालों को खड़े कर देता है। राष्ट्रपति महोदया को इन महत्वपूर्ण अवसरों पर मोदी सरकार ने क्यों शामिल नहीं किया, इसका जवाब वही दे सकते हैं। लेकिन एक बात दीवार पर लिखी इबारत की तरह स्पष्ट है कि संसद के कामकाज में भगवान और पूजा पाठ शामिल कर मोदी सरकार ने संविधान की भावना का अनादर किया, जो धर्मनिरपेक्षता की व्याख्या करता है। मोदी सरकार ने लोकतंत्र के लिए सबसे जरूरी इस मंच को एक धर्म तक समेटने की कोशिश की, ताकि इसका लाभ उन्हें चुनाव में मिल सके। श्री मोदी के पास जनवरी में राम मंदिर के उदघाटन का मौका अभी बचा है, लेकिन ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी को अपनी सत्ता के हिलने का अहसास होने लगा है और इसलिए वे इस वक्त किसी भी मौके को चूकना नहीं चाहते। संसद में कई दशकों से महिला आरक्षण पर कानून बनाने की मांग हो रही है। मोदी सरकार ने अपने 9 सालों के कार्यकाल में तो अब तक इस पर कुछ नहीं किया था, लेकिन लोकसभा चुनाव में जब साल भर भी नहीं बचे हैं, तो श्री मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम नाम का जिक्र संसद में किया और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इसे सदन के पटल पर रखा। इस विधेयक के पारित होने के बाद लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या बढ़कर 181 हो जाएगी। मौजूदा समय में लोकसभा में कुल सदस्य संख्या 543 है। और इस वक्त महिला सांसदों की संख्या 82 है। विधेयक में संविधान के अनुच्छेद–239 एए के तहत राजधानी दिल्ली की विधानसभा में भी महिलाओं को 33प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। यानी, दिल्ली विधानसभा में भी 70 में से 23 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी। अन्य राज्यों की विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाएगा। जो लोकसभा या विधानसभा सीट महिलाओं के एक चुनाव में आरक्षित होगी अगले चुनाव में वही सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित नहीं होंगी। बल्कि अन्य 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। इसके बाद जो तीसरा चुनाव होगा उसमें बची हुई 33 प्रतिशत सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा। इस विधेयक के ऐसे प्रावधानों को सुनकर लगता है कि देश में कोई अभूतपूर्व क्रांति होने वाली है। महिलाओं को एकदम से शक्ति मिलने वाली है। एक झटके में सारी व्यवस्था सुधर जाएगी, महिला विरोधी मानसिकता ठीक हो जाएगी। लेकिन हकीकत फिलहाल ऐसी नहीं है। विधेयक के मसौदे पर में यह लिखा है कि इसे श्संविधान (एक सौ अट्ठाईसवां संशोधन) अधिनियम 2023 के प्रारंभ होने के बाद होने वाली पहली जनगणना के प्रासंगिक आंकड़े प्रकाशित होनेच के बाद लागू किया जा सकेगा। इसे निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन या पुनर्निधारण के बाद लागू किया जाएगा। लागू होने के बाद अधिनियम 15 वर्ष तक प्रभावी रहेगा। अगली जनगणना कब तक होगी, इसका कोई ठिकाना नहीं है, क्योंकि सरकार की प्राथमिकता में शायद जनगणना के आंकड़े जुटाना है ही नहीं। जब तक जनगणना नहीं होगी, तब तक महिला, पुरुष, अजा, जजा, ओबीसी इन सब के ताजा आंकड़े नहीं आएंगे और जब आंकड़े ही नहीं होंगे, तो आरक्षण की व्यवस्था किस तरह होगी, ये बड़ा सवाल है। यह निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन और कानून लागू होने के बाद पहली जनगणना के बाद ही संभव हो पाएगा। इसका यही मतलब है कि संसद के नए भवन में प्रवेश के साथ ही मोदी सरकार ने जिस तरह महिला आरक्षण को एक नए नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियम के साथ पेश किया, वो सभी दलों से विचार–विमर्श के बाद पूरी तैयारी के साथ पहले या बाद में भी पेश हो सकता था, लेकिन सरकार ने इसी दिन को चुना ताकि अपना नाम इतिहास में दर्ज करा सके। श्री मोदी ने इस विधेयक के बारे में बोलते हुए कहा भी कि ईश्वर ने इस शुभ काम के लिए शायद मुझे चुना है। इस वक्तव्य में श्रेय बटोरने की हड़बड़ी साफ दिखाई देती है। क्योंकि मोदी सरकार ये जानती है कि महिला आरक्षण का विचार राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल से ही पनपना शुरु हुआ है, और बाद की तमाम सरकारों ने अपने–अपने स्तरों पर इसे पारित करवाने की कोशिश की। 2010 में सोनिया गांधी के प्रयासों से राज्यसभा तक में महिला आरक्षण विधेयक पारित हो गया, लेकिन तब राजद, सपा जैसे दलों की कुछेक आपत्तियों के कारण लोकसभा में लटक गया। महिला आरक्षण विधेयक के लटकने–अटकने का इतिहास तो सबको ज्ञात है, लेकिन अब मोदी सरकार ने इसके नाम पर भटकाने का रास्ता भी प्रशस्त कर दिया। सरकार ने यही इशारा दिया है कि केवल वही महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रयासरत है, जबकि यह पूरा सच नहीं है। आधे–अधूरे सच और आधी–अधूरी तैयारियों के साथ महिला आरक्षण या नारी शक्ति वंदन अधिनियम किस दिशा में बढ़ता है और किस दशा को प्राप्त होता है, ये जानने के लिए इंतजार करना होगा।




# मोदी का मेक इन इंडिया हिट’ और जी–20 ‘सुपर हिट’

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का थीम 'मेक इन इंडिया पूरी दुनिया में सिर चढ़ कर बोल रहा है। पिछले दिनों रूस के राष्ट्रपति श्री पुतिन ने अपने यहां एक समारोह में रूस वालों से अपील की कि अगर तरक्की करनी है तो हमें 'मेक इन इंडिया के प्रधानमंत्री मोदी को अपनाना होगा। दरअसल वे अपने यहां ईस्टर्न इकोनॉमिक फार्म में बोल रहे थे और उन्होंने अपने देशवासियों से कहा कि उन्हें रूस में बनी कारें ही इस्तेमाल करनी चाहिए। इस कड़ी में उन्होंने कहा कि भारत के पीएम नरेंद्र मोदी का 'मेक इन इंडिया थीम सराहनीय है जिसके दम पर भारत के प्रोडक्ट्स दुनियाभर में छा रहे हैं। जी–20 सम्मेलन की सफलता तो भारत के लिए ऐतिहासिक है ही लेकिन इस सम्मेलन के फौरन बाद पुतिन का यह बयान बहुत अहमियत रखता है। हमारा मानना है कि मेक इन इंडिया के तहत सूई से लेकर जहाज निर्माण तक भारत सबकुछ राष्ट्रीय स्तर पर बना रहा है। यही वजह है कि हमारा आयात–निर्यात अलग ही बुलंदियों के रिकॉर्ड कायम कर रहा है। ऑटो इंडस्ट्री, कपड़ा, टीवी, औद्योगिक ढांचा, मोबाइल कल तक हमें तकनीक तक बाहर से लेनी पड़ती थी लेकिन मोदी सरकार के चलते अब 'मेक इन इंडिया मंत्र के तहत घरेलू उत्पादन तेजी से तरक्की की राह पर है। इसके लिए हमें प्रधानमंत्री मोदी, उनकी सरकार, उनके सहयोगियों को बधाई देनी चाहिए। साथ ही यह भी स्पष्ट कर देना चाहिए कि इसे किसी राजनीति से नहीं बल्कि भारतीयता के तहत देखा जाना चाहिए अर्थात यह भारत की एक बड़ी जीत है और ऐसी उपलब्धि है जिस पर प्रत्येक नागरिक गर्व महसूस कर सकता है। यह 'मेक इन इंडिया का ही कमाल के व्हाट्सऐप का चौनल फीचर अब भारत में भी आ चुका है वरना कल तक इसकी शुरूआत अमरीका समेत दस देशों में हुई थी लेकिन दुनिया के सबसे लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सऐप ने इसमें भारत को भी शामिल कर लिया है और अब सोशल मीडिया प्रेमी किसी भी चौनल को फॉलो करने के लिए सर्च डायरेक्टरी में जाकर अपने शौक के मुताबिक स्पॉर्ट्स टीमों का अपडेट प्राप्त कर सकेंगे। जब एक देश का दुनिया में नाम गूंजता है तो उसे कोई भी नजरंदाज नहीं कर सकता। आओ अब भारत में संपन्न हुए जी–20 समिट की सफलता की बात कर लें कि किस तरह से हमने इतिहास रचा है। दुनियाभर के अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, जर्मनी, कनाडा और रूस जैसे देशों के साथ पीएम मोदी ने अफ्रीकी देशों को भी जोड़ दिया। अफ्रीकी देशों को इसका सदस्य बनाकर पीएम मोदी ने सिद्ध कर दिया कि दुनिया की सर्वशक्तिमान ताकतों में भारत की एंट्री लगभग तय है। अमरीका, फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी, रूस और कनाडा व आस्ट्रेलिया अब भारत के बिना नहीं चल सकते। चाहे अमरीकी राष्ट्रपति बाइडेन हो या फ्रांस के राष्ट्रपति मेक्रों हो या फिर यूके के प्रधानमंत्री सुनक हो या फिर कनाडा के जस्टिन टूडो हो भारत की मेजबानी में जी–20 के प्रस्तावों को हर किसी ने सराहा। संदेश यही था कि आर्थिक विकास के लिए पूरी दुनिया को एक होना होगा। पीएम मोदी ने जलवायु परिवर्तन के साथ–साथ मूल्य नियंत्रण और आर्थिक मंदी को लेकर सभी प्रस्ताव इसमें रखे थे और पूरा समर्थन मिला। हालांकि सबसे बड़ी बात रूस–यूक्रेन युद्ध को लेकर थी और इस मामले में भी यह बात स्पष्ट की गई कि युद्ध किसी के लिए भी ठीक नहीं है। दुनिया के विकास का मार्ग युद्ध से होकर नहीं गुजरता बल्कि एक–दूसरे के करीब आने से एक धरती, एक विश्व, एक परिवार अर्थात वासुदेव कुटुंबकम के मंत्र पर दुनिया को चलना होगा। भारत की अध्यक्षता में अफ्रीकी देशों को अपने साथ जोड़कर और विशेष रूप से साउदी अरब के प्रिंस सलमान के साथ भारत ने जो ऐतिहासिक समझौते किए वह काबिले तारीफ

# एक दर्जन मुस्लिम भाइयो ने ली भाजपा की सदस्यता



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद भारतीय जनता पार्टी के गोहद विधानसभा के प्रत्याशी लालसिंह आर्य के नेतृत्व में कल्याणपुरा पंचायत के 1 दर्जन मुस्लिम भाइयो ने भाजपा के विधानसभा कार्यालय पर उपस्थित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। भाजपा प्रत्याशी लालसिह आर्य द्वारा मुस्लिम भाइयो को पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया व भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। सदस्यता लेने वाले सभी लोगो ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए व भाजपा प्रत्यासी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनका साथ देने का भरोसा दिलाया सदस्यता लेने वालों में जमील खान पूर्व सरपंच खितौली, मुबीन खान सरपंच कल्याणपुरा, समीर खान, रफीक खान, अल्ताफ खान, शरीफ खान, मुस्ताक खान, आदिल खान, तिलक सिंह राणा, साकिर खान, रवि खान, रामवरन प्रजापति, सरफराज खान आदि लोगो ने सदस्यता ग्रहण की

# शांतिपूर्वक भाईचारे के साथ मनाए त्यौहार थाना प्रभारी डॉक्टर संतोष यादव

**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**

मालनपुर/पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में व गोहद अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सौरभ कुमार के मार्गदर्शन आगामी दिनों में होने वाले प्रमुख त्योहार श्री गणेश उत्सव झांकी, विसर्जन व ईद मिलादुन्नबी उत्सव को लेकर शांति व्यवस्था बनाने के लिए शांति समिति की बैठक का आयोजित की गयाद्य इसी क्रम में गुरुवार को मालनपुर थाना प्रभारी निरीक्षक डॉक्टर संतोष यादव ने थाना परिसर में शांति समिति बैठक में थाना प्रभारी ने नगर वासियों से अपील की कि आगामी आने वाले त्योहारों को भाईचारा, शांतिपूर्ण तरीके से मनाई तरीके से मानाए एवं प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए जुलूस निकालते वक्त ध्यान रखें कि मार्ग



अवरुद्ध न हो और आम जनों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो प्रसादी वितरण एवं भंडारे का आयोजन हाईवे पर ना करें दोनों ही समुदायों से अपील है कि प्रेम पूर्ण भाईचारे के साथ त्योहार मनाए और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें द्यसोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की जाति विशेष और समुदाय को लेकर सामाजिक सौहार्ट बिगड़ने वाली पोस्ट ना करें द्यकिसी भी प्रकार की अशांति फैलाने वाले के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। और मालूमतपुर थाना पुलिस आपके लिए 24 घंटे तट पर है अगर कोई सामाजिक तत्व नजर आए तो तुरंत मालनपुर थाना में सूचना दें जिस पर उपस्थित लोगों ने त्यौहार को शांतिपूर्ण, भाईचारा एवं प्रशासन के गाइडलाइन का पालन करते हुए मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया है द्य इस मौके पर उपस्थित रहे उप निरीक्षक प्रदीप भदौरिया, ए एस आई दिलीप सिंह तोमर आरक्षक पंकज तोमर एवं कांग्रेस नेता केशव देसाई, वरिष्ठ पत्रकार परमाल सिंह तोमर, बृजभूषण कुशवाह, देवेंद्र शर्मा, सचिन शर्मा आजम मुस्तफाई शहर काजी मालनपुर, जिया शाह, , रॉकी जैन, नौसाद खान, इत्यादि नगर के गणमन नागरिक एवं पत्रकार गण मौजूद रहे

## बसपा 24 सितम्बर को भाजपा-कांग्रेस की खोलेगी पोल

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । बहुजन समाज पार्टी नेताओं ने सर्किट हाउस पर प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि बसपा द्वारा दिनांक 24 सितम्बर 2023 को पूना पैक्ट धिक्कार दिवस के अवसर पर जनाक्रोश रैली आयोजित की जा रही है जिसमें मुख्य अतिथि इंजी. रामजी गौतम सांसद राज्यसभा एवं मुख्य प्रदेश प्रभारी रहेंगे इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद 24 सितम्बर 1932 को हुए पूना पैक्ट में कॉग्रेस की पोल खोलने एवं समय-समय पर कॉग्रेस, भाजपा सरकारों द्वारा देश व प्रदेश में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, मुस्लिमों.



किसान व व्यापारियों के साथ धोखा देने का कार्य किया है। इस सभा में इंजी. रामजी गौतम के साथ मुकेश अहिरवार प्रदेश प्रभारी, इंजी. रमाकान्त पिप्पल प्रदेश अध्यक्ष बसपा,सुनील बघेल प्रदेश प्रभारी म.प्र.,अच्छेलाल कुशवाह प्रदेश उपाध्यक्ष,दिलीप बौद्ध एड. जोन प्रभारी ग्वालियर चम्बल संभाग,लाल सिंह कुशवाह जिला प्रभारी, रामप्रकाश मेहरा जिला प्रभारी रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजी. मेघसिंह नरवरिया जिला अध्यक्ष बसपा सहित जिला कमेटी, विधानसभाओं के पदाधिकारी, सभी विधानसभा के संभावित प्रत्याशीगण सहित सभी नगर सेक्टर, बूथ कमेटियां के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहेंगे । इस अवसर पर सुभाष तिराहा से कार्यक्रम स्थल तक पैदल मार्च किया जायेगा । प्रेस वार्ता में दिलीप बौद्ध, मेघसिंह नरवरिया,रक्षपाल सिंह कुशवाह,संजीव बघेल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय स्तर की योग चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर जयंतीजी ठाकोर को शील्ड देकर सम्मानित किया गया



**ब्यूरो दैनिक पुष्पांजली टुडे**

पाटन/गुजरात। कार्यालय, एलिसब्रिज अहमदाबाद में राष्टीय स्तर की योग चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर सरस्वती तालुका के अधार क्लस्टर के सी.आर.सी. जयंतीजी ठाकोर को योगा स्पोर्ट्स फाउंडेशन गुजरात द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया. इस मौके पर गुजरात योगा स्पोर्ट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. मेहबूब कुरेशी, महासचिव दीपकभाई सुथार और कार्यकारी सदस्यों की उपस्थितिमें सभी स्वर्ण पदक विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ एवीआरएस एम इस वर्ष का शिक्षा भूषण सम्मान प्रो मीनाक्षी जैन, प्रो कुलदीप चंद अग्निहोत्री एवं डॉ संजीवनी केलकर को दिया जाएगा

**ब्यूरो दैनिक पुष्पांजली टुडे**

शैक्षिक फाउंडेशन और अखिल भारतीय राष्टीय शैक्षिक महासंघ की ओर से शिक्षा और समाज जीवन के क्षेत्र में असाधारण और उल्लेखनीय कार्य करने वाले तीन शिक्षाविदों को प्रतिवर्ष दिए जाने वाला प्रतिष्ठित शिक्षा भूषण सम्मान इस वर्ष प्रो मीनाक्षी जैन दिल्ली, प्रो कुलदीप चंद अग्निहोत्री हिमाचल प्रदेश एवं डॉ संजीवनी केलकर महाराष्ट को देने की घोषणा की गई है । यह सम्मान 2 अक्टूबर को नागपुर में आयोज्य एक भव्य समारोह में राष्टीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह श्री दत्तात्रेय होसबले एवं आध्यात्मिक गुरु स्वामी चिदानंद मुनि द्वारा प्रदान किया जाएगा ।

## नगर परिषद के साधारण सम्मेलन में नगर विकास के कई बिंदु स्वीकृत



जौरा। स्थानीय नगर परिषद की साधारण सम्मेलन का आयोजन अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें नगर विकास के कई बिंदुओं को मंजूरी दी गई। शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय में आयोजित निकाय के साधारण सम्मेलन में शासन निर्देश पालन में प्रतिदिन की जाने वाली स्थाई दखल बाजार वसूली को समाप्त कर वार्षिक अर्धवार्षिक वसूली राशि निर्धारित कर वसूली किए जाने के प्रकरण को स्वीकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार बिंदु क्रमांक 2 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपभोक्ता प्रभार एवं बड़ी हुई जलकर की दरों के प्रकरण को आगामी बैठक में रखने का निर्णय लिया गया। शहर के एमएस रोड पर सौंदरीकरण हेतु डिवाइडरों पर विद्युत पोल में स्ट्रीट लाइट के लगवाने की भी स्वीकृति परिषद द्वारा दी गई।

## खाद्य निरीक्षकों ने तीन लोडिंग वाहनों से भरे दूध के सैंपल



मुरैना। खाद्य निरीक्षक की टीम ने शुक्रवार की सुबह अंबाह रोड पर लोडिंग वाहन से दूध सप्लाई कर रहे तीन वाहनों को रोककर दूध के सैंपल भरे और जांच हेतु भेज दिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती कारण सेंगर एवं अनिल परिहार द्वारा ग्राम खुर्द अंबाह रोड मुरैना पर पहुंचकर वहां से जाने वाली दूध गाड़ियो को रोककर दूध के नमूने तीन गाडिड़ों से लिए गए एवं उन्हें जांच के लिए भेजा, जिन गाडिड़ों से सैंपल भरे गए, उनमें सुनील कुमार शर्मा पुत्र राजकिशोर शर्मा निवासी ग्राम सिरमिती वाहन नंबर एमपी 06 जीए 3634, राहुल सिकरवार पुत्र महेश सिंह सिकरवार निवासी गलेथा वाहन नंबर यूपी 75 एटी 9995, अख्तर खान पुत्र मुन्ना खॉन निवासी अंबाह वाहन नंबर एम 06 जीए1942 गाड़ियां शामिल हैं जिन पर सैंपलिंग की कार्रवाई की गई।

## गुरू के बिना नही हो सकती जीवन की कल्पना: संत श्री भँवरू महाराज



मुम्बई। नालासोपारा सिरवी नवयुवक मंडल सहीत महिला मंडल सहीत समस्त स्वजातीय बंधुओ का नालासोपारा बडेर मे उपस्थिती भी सराहनीय रही। नारलाई आईजी मुख्यधाम से धर्म-गुरु सद्गुरुदेव श्री-श्री भँवरुमाराज (फुलाबाबाजी) का पधार्पण नालासोपारा बडेर हुआ। जहाँ बावजी ने सर्वप्रथम माताजी की पुजा अर्चना तथा आरती की, फिर बडेर पधारे हुए सभी नवयुवक के सभी पदाधिकारी और महिला मंडल सहीत सिरवी स्वजातीय भाई-बहन की अच्छी-खासी तादाद मे एकत्रित हुए और बावजी और समस्त भक्तगणो की उपस्थिती मे आज अहम ज्ञान-चर्चा भी हुई, जहाँ पर नालासोपारा के सिरवी-समाज अध्यक्ष महोदय सोहनलाल वरपा के आग्रह पर समस्त सिरवी-समाज और महिला मंडल ने भी सहमती जताते हुए अभी के समय को महत्वपूर्ण समझते हुए अपने माताजी की आरती मे एक प्रथम अंतरे।

### शेठ एम.एन. हाईस्कूल पाटन में निःशुल्क वैदिक गणित कक्षाएं शुरू

# जटिल गणितीय संक्रियाओं से छुटकारा दिलाएगी वैदिक गणित की पद्धतियां : आचार्य धनराज ठक्कर

**ब्यूरो दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**पाटन/गुजरात।** हमारे देश में पहले गणित के बारे में कहा जाता था कि हम अधिकांश गणितीय कार्य मौखिक रूप से वैदिक गणित



से ही करते थे लेकिन समय के साथ हम पश्चिम की ओर आकर्षित होते गये जिससे हमारा भारतीय ज्ञान विस्मृत होने लगा जिसके कारण भारतीयता - धर्म - सिलेबस से संस्कृति गायब. हमारा स्कूल सेठ एम.एन. है। इस इरादे से कि हाई स्कूल के बच्चे अतीत की विरासत से छुटकारा पा सकें और गणित के जटिल संचालन से छुटकारा पा सकें उत्तर गुजरात में युवक मंडल आज से कक्षा 9 से 12 के सभी बच्चों के लिए शेठ एम एन हाई स्कूल चला रहा है* पूरे वर्ष बृहस्पति और शुक्र पर वैदिक गणित की कक्षाएँ स्कूल समय के बाहर दिन में शुरू की गईं। आज इन कक्षाओं में हमारे विद्यालय के कक्षा 9 से 12 तक के 200 से अधिक बच्चे एवं गणित विज्ञान के सभी शिक्षक मित्र उपस्थित थे। भले ही स्कूल समय से 1 घंटा पहले आना पड़ा, बच्चों और शिक्षकों ने वैदिक गणित सीखने के लिए बहुत उत्साह दिखाया।राष्टीय शिक्षा नीति के तहत देश के बच्चों में विरासत के प्रति गौरव पैदा करने और गणित के प्रति रुचि पैदा करने के उद्देश्य से गुजरात सरकार ने जून 2022 से चरणबद्ध तरीके से स्कूलों में वैदिक गणित को पाठ्यक्रम में शामिल किया है। उत्कृष्ट विद्यालयों की. हमारा विद्यालय शेठ एम.एन. हाई स्कूल उत्कृष्ट विद्यालय से संबंधित नहीं है, इसलिए सरकारश्री द्वारा तैयार की गई पुस्तकें हमारे विद्यालय को उपलब्ध नहीं होंगी... लेकिन विद्यालय के नवनियुक्त स्टाफ आचार्य श्री धनराज भाई ठक्कर को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया राज्य स्तर पर, गुजरात सरकार द्वारा तैयार की गई 6वीं से 10वीं तक की वैदिक पुस्तकें तैयार की हैं। गणित की पाठ्यपुस्तकों में लेखक-समीक्षक के रूप में काम किया है... इसके अलावा, उन्होंने पूरे राज्य और राष्टीय स्तर पर छात्रों और शिक्षकों को वैदिक गणित में प्रशिक्षित किया है। और हिमाचल प्रदेश, राजस्थान जैसे राज्यों में भी हमारे स्कूल के बच्चे वैदिक गणित से वंचित न रहें। इसलिए उन्होंने निःशुल्क वैदिक गणित कक्षाएं शुरू कीं।

आचार्य श्री धनराज भाई के अनुसार यदि हमारे विद्यालय के बच्चे वैदिक गणित की विभिन्न पद्धतियाँ सीखेंगे तो वे देश-विदेश के बच्चों के साथ प्रतिस्पर्धा में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। इन वैदिक गणित कक्षाओं से हमारे विद्यालय सेठ एम.एन. हाई स्कूल के बच्चे गणितीय संक्रियाएँ आसानी से और शीघ्रता से करने में सक्षम होंगे। बच्चों को आधुनिक गणित सबसे कठिन और कठिन विषय लगता है लेकिन वैदिक गणित की पद्धतियां गणित की



इन जटिल क्रियाओं से छुटकारा दिलाएंगी और गणित के प्रति रुचि पैदा करेंगी। इन कक्षाओं से हमारे विद्यालय के बच्चे गणित में अच्छे अंक प्राप्त कर सकेंगे तथा बोर्ड की सार्वजनिक परीक्षाओं में भी वैदिक गणित पद्धति से अभ्यास करने से उनका 15 से 20 मिनट का समय बचेगा जिससे उन्हें पर्याप्त समय मिल सकेगा। उन कठिन पैटर्न के बारे में सोचें जिनके कारण वे बोर्ड की सार्वजनिक परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। इस प्रकार, इन कक्षाओं से गणित एक उबाऊ विषय के बजाय दिलचस्प हो जाएगा

## सिहोनियां पुलिस ने घर से बरामद की 32 हजार की अवैध शराब, आरोपी गिरफ्तार

मुरैना। जिले की सिहोनियां थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह घर में छुपाकर रखी गई अवैध शराब की 6 पेटी बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध हथियार, तस्करों, अवैध शराब-मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री, ईनामी फरारी बदमाशों एवं स्थायी वारंटियों की धरपकड़ हेतु संपूर्ण मुरैना जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत उनि जयदीप सिंह भदौरिया थाना प्रभारी सिहोनियां को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि खडियाहार में एक व्यक्ति अपने घर पर अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी के घर पर पहुँचकर तलाशी ली तो पुलिस को घर के पास बने गोंडा में एक प्लास्टिक की तिरपाल के नीचे 06 पेटी शील बंद, एक पेटी खुली हुई जिसमें 25 क्वाटर देशी प्लेन शराब के बरामद किए। सिहोनियां थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट का मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त आरोपी पर पूर्व के कई अपराध थाना सिहोनियां में दर्ज हैं जिनमें अवैध आर्म्स, मारपीट, अडीबाजी, हरिजन एक्ट के तहत के मामले शामिल हैं।



## आंगनवाड़ी केंद्र पर पोषण माह के तहत पोषाहार दिवस मनाया

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता नरेश कुमार सीरवी पाली राजस्थान**

पाली उपखंड के ग्राम पंचायत साकदडा के राजस्व ग्राम साली भावनगर सुंदेलाव पेणावा में आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्यकर्ता ने पोषण माह के तहत पोषाहार के तरह तरह के व्यंजन बनाकर पोषाहार प्रदर्शनी लगाई गई कार्यक्रम में गर्भवती महिलाएं सहित बच्चों ने लिया हिस्सा। दौरान कार्यकर्ता ओम कवर। दशरथ कवर। दीपिका चा रण मंजू देवी शांति देवी सहायिका पुरण कवर रेखा कवर साथिन कविता मीणा आशा रुक्मणी एएनएम रिंकूकुमारी सरपंच धीरज देवी देवासी की अध्यक्षता में कार्यक्रम किया गया।



# अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ( ABRSM) इस वर्ष का शिक्षा भूषण सम्मान प्रो मीनाक्षी जैन, प्रो कुलदीप चंद अग्निहोत्री एवं डॉ संजीवनी केलकर को दिया जाएगा

**ब्यूरो दैनिक पुष्पांजली टुडे**

शैक्षिक फाउंडेशन और अखिल भारतीय राष्टीय शैक्षिक महासंघ की ओर से शिक्षा और समाज जीवन के क्षेत्र में असाधारण और उल्लेखनीय कार्य करने वाले तीन शिक्षाविदों को प्रतिवर्ष दिए जाने वाला प्रतिष्ठित शिक्षा भूषण सम्मान इस वर्ष प्रो मीनाक्षी जैन दिल्ली, प्रो कुलदीप चंद अग्निहोत्री हिमाचल प्रदेश एवं डॉ संजीवनी केलकर महाराष्ट को देने की घोषणा की गई है । यह सम्मान 2 अक्टूबर को नागपुर में आयोज्य एक भव्य समारोह में राष्टीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह श्री दत्तात्रेय होसबले एवं आध्यात्मिक गुरु स्वामी चिदानंद मुनि द्वारा प्रदान किया जाएगा । कार्यक्रम में शैक्षिक महासंघ के संगठन मंत्री श्री महेंद्र कपूर, सह संगठन मंत्री श्री गुंथा लक्ष्मण , वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री महेन्द्र कुमार एवं देश के विभिन्न राज्यों से विद्यालय एवं उच्च शिक्षा के शिक्षक उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय राष्टीय शैक्षिक महासंघ राष्टीय विचारों से प्रेरणा ले कर पूर्व प्राथमिक से विश्वविद्यालय तक के 12 लाख से अधिक शिक्षकों का 35 वर्षों से निरंतर कार्यरत संगठन है। 2015 से महासंघ के द्वारा शिक्षा और समाज हेतु प्रेरणीय एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षाविदों का सम्मान करने हेतु % शिक्षा भूषण % अखिल भारतीय शिक्षक सम्मान के अंतर्गत प्रशस्तिपत्र, रजत चिन्ह और 1 लाख की राशि देने की परंपरा बनी हुई है । इस सम्मान हेतु देशभर से ऐसे शिक्षाविदों की खोजबीन कर नामित किया जाता है जिन्होंने संपूर्ण जीवन शिक्षा और समाज के उत्थान के लिए भारतीय गुरु परंपरा के प्रकाश में समर्पित किया है ।

**इस वर्ष के शिक्षा भूषण सम्मान हेतु चयनित व्यक्तित्व**-व्यवसाय से मूलतः चिकित्सक डॉ. संजीवनी केलकर ने दलित बस्तियों के गरीब बच्चों के पठन-पाठन की सामग्री का वितरण कर ,उनमें शिक्षा, स्वच्छता और कर्म योग की अलख जगाकर नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सर्वोतम कार्य किया है। डॉ. केलकर का संपूर्ण जीवन शिक्षा से वंचित वर्ग के बालकों को बेहतर शिक्षा दिलाकर बेहतर नागरिक बनाने




में ही समर्पित रहा है। शिक्षा को ही जीवन का आधार मानने तथा शिक्षा को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का जीवनसूत्र मानने वाली डॉ. केलकर ने जीवन भर अपने विचार और व्यवहार में समानता प्रदर्शित की है। संजीवनी केलकर ने ग्रामीण महिलाओं के सशक्तीकरण में भागीदारी करते हुए आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में लगभग 12000 विद्यार्थियों का स्थानीय भाषा (मराठी) माध्यम से शिक्षा व्यवस्था, जल संकट से ग्रस्त क्षेत्र में लगभग 45000 लोगों को क्षमता के जल संरक्षण हेतु टैंकों का निर्माण और टैंकों में जल भराव की समुचित व्यवस्था का बीड़ा उठाया है। डॉ. मीनाक्षी जैन मध्यकालीन और औपनिवेशिक भारत की एक प्रसिद्ध इतिहासकार हैं। भारतीय संस्कृति के आधार राम और उनकी साकेत नगरी अयोध्या पर सूक्ष्म और परिष्कृत कार्य करने वाली राजनीतिक विज्ञान की शिक्षिका तथा इतिहासकार, औपनिवेशिक भारत में सती प्रथा के उन्मूलन के साथ सुधारवाद की साधिका, डॉ जैन ने अनेक पुस्तकों का लेखन किया है। डा जैन ने सती प्रथा पर असाधारण कार्य किया और निष्कर्ष दिया कि ब्रिटिश सरकार ने भारत में सती प्रथा को ब?ा चढ़ा कर गलत ढंग से प्रस्तुत किया। 2020 में भारत सरकार ने भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार %पद्मश्री% से डा जैन को सम्मानित किया। भारतीय जीवन दृष्टि, भारतीय सभ्यता और भारतीय चिंतन पर मौलिक विचारों को डा मीनाक्षी जैन ने स्थापित किया है। प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री सीमांत तथा पर्वतीय प्रदेशों के समग्र अध्येता, हिंदी भाषा और साहित्य के मूर्धन्य मनीष, सचेतन साहित्यकार, भारतीय संस्कृति के प्रबल साधक, राष्टवादी विचारक, प्रखर विधि विशेषज्ञ और मानवता के प्रबल पक्षधर रहें हैं। प्रो. अग्निहोत्री को भारत तिब्बत सहयोग मंच के संयोजक के रूप में % तिब्बत को चीन से मुक्ति% आंदोलन का नेतृत्व करने पर एवं आपातकाल में बंदी बनाया गया था। आपने पूर्व में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में अंबेडकर पीठ के चेयरपर्सन, विश्वविद्यालय के धर्मशाला स्थित केंद्र में निदेशक और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में कुलपति के रूप में अनुकरणीय कार्य किया है। अब तक उनकी 16 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। प्रो. अग्निहोत्री को केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा द्वारा साहित्य सेवाओं के लिए सम्मान, उत्तर प्रदेश के हिंदी संस्थान द्वारा साहित्य भूषण सम्मान, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा श्री गुरु नानक देव जी के साहित्य और जीवन पर लिखी पुस्तक के लिए विष्णु प्रभाकर पुरस्कार तथा भारत सरकार एवं फिजी सरकार द्वारा विश्व हिंदी सम्मेलन में विश्व हिंदी सम्मान से सम्मानित किया गया है।

**सिहोनियां पुलिस ने घर से बरामद की 32 हजार की अवैध शराब, आरोपी गिरफ्तार**-मुरैना। जिले की सिहोनियां थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह घर में छुपाकर रखी गई अवैध शराब की 6 पेटी बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध हथियार, तस्करों, अवैध शराब-मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री, ईनामी फरारी बदमाशों एवं स्थायी वारंटियों की धरपकड़ हेतु संपूर्ण मुरैना जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत उनि जयदीप सिंह भदौरिया थाना प्रभारी सिहोनियां को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि खडियाहार में एक व्यक्ति अपने घर पर अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी के घर पर पहुँचकर तलाशी ली तो पुलिस को घर के पास बने गोंडा में एक प्लास्टिक की तिरपाल के नीचे 06 पेटी शील बंद, एक पेटी खुली हुई जिसमें 25 क्वाटर देशी प्लेन शराब के बरामद किए।

## भारत के खिलाफ पहले वनडे मैच के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित, स्टार्क और मैक्सवेल बाहर

**मोहाली।** ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मिशेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल भारत के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के पहले एकदिवसीय मैच से बाहर हो गए हैं, जबकि स्टीव स्मिथ टीम में वापसी करेंगे। शुक्रवार 22 सितम्बर को मोहाली स्थित पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पहले मैच से पूर्व ऑस्ट्रेलिया ने पहले वनडे के लिए टीम की घोषणा की। प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख खिलाड़ियों जैसे मिचेल स्टार्क, ग्लेन मैक्सवेल और स्टीव स्मिथ की फिटनेस के बारे में अपडेट किया और कहा कि मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल शुक्रवार का मैच नहीं खेल पाएंगे जबकि स्टीव स्मिथ दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालिया सीरीज से बाहर होने के बाद वापसी करेंगे। उन्होंने कहा, 'मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं, मेरी कलाई अब ठीक हो गई है।' मैं तीनों मैच खेलने की उम्मीद कर रहा हूं। स्टार्क कल नहीं खेलेंगे, उम्मीद है कि बाद में श्रृंखला में वह अच्छी गेंदबाजी करेंगे, मैक्सवेल के साथ भी ऐसा ही होगा। हम बीच में सभी को मैच का समय देने के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि हम कुछ हफ्तों में विश्व कप में जा रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'वह (स्टीव स्मिथ) बिल्कुल अच्छे हैं, वह कल खेलेंगे, उसकी कलाई 100 फीसदी फिट लग रही है।' कमिंस और स्टीव स्मिथ कलाई की चोटों से जूझ रहे थे, जबकि मिशेल स्टार्क को यूके से लौटने पर कमर और कंधे में दर्द का सामना करना पड़ा। ग्लेन मैक्सवेल, जो शुरू में दक्षिण अफ्रीका दौरे का हिस्सा थे, अपने टखने की चोट से जूझ रहे हैं, जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20आई श्रृंखला से पहले प्रशिक्षण के दौरान बढ़ गई थी और फिर अपने बच्चे के जन्म के लिए घर वापस आ गए।

## श्रीलंका की मौजूदा टीम 1996 क्रिकेट विश्व कप की टीम से अधिक मजबूत है : अर्जुन रणतुंगा

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट पिछले वर्ष एशिया कप जीतने के बाद से वनडे फॉर्मेट में बढ़िया प्रदर्शन करती नजर आ रही है। इस साल एशिया कप फाइनल में उनका प्रदर्शन स्तरीय नहीं रहा लेकिन टूर्नामेंट में उनके प्रदर्शन की खूब तारीफ हुई। 5 मुख्य प्लेयरों के चोटिल होने के बावजूद श्रीलंकाई टीम फाइनल में जगह बनाने में कायब रही थी। अब क्रिकेट विश्व कप के लिए श्रीलंका क्रिकेट टीम एक बार फिर से तैयार है। इसी बीच श्रीलंका को 1996 क्रिकेट विश्व कप में जीत दिलाने वाले कप्तान अर्जुन रणतुंगा ने मौजूदा टीम पर अपनी राय रखी है।



श्रीलंकाई क्रिकेट के लिए हाल के वर्ष उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं। कुमार संगकारा और महेला जयवर्धने जैसे खिलाड़ियों के सेवानिवृत्त होने के बाद लंकाई लायंस को सभी प्रारूपों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में निरंतरता के लिए संघर्ष करना पड़ा है। हाल के वर्षों में उनकी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक एशिया कप 2022 में आई, जब दासुन शनाका ने अपनी टीम को प्रतिष्ठित खिताब दिलाया था। हालांकि इसके बाद वह टी 20 विश्व कप से बुरी तरह बाहर हो गए। बहरहाल, खेल के इतिहास के महानतम कप्तानों में से एक अर्जुन रणतुंगा ने वर्तमान टीम की सराहना की और कहा कि वे 1996 में एकदिवसीय विश्व कप जीतने वाली प्रतिष्ठित टीम की तुलना में अधिक प्रतिभाशाली हैं।

## एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह में भारत का ध्वजवाहक होना गर्व की बात : हरमनप्रीत

**नई दिल्ली ।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि हांगझोउ में शनिवार से शुरू हो रहे 19वें एशियाई खेलो के उद्घाटन समारोह में देश का ध्वजवाहक होना गर्व की बात है। भारतीय ओलंपिक संघ ने बुधवार को हरमनप्रीत और ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को 655 सदस्यीय भारतीय दल का ध्वजवाहक बनाया। अतीत में धनराज पिल्लै (1998 और 2002), ज्योति सुनीता कुल्लू (2006), गगन नारंग (2010), सरदार सिंह (2014) और नीरज चोपड़ा (2018) भारत के ध्वजवाहक रह चुके हैं। हरमनप्रीत ने कहा, 'लवलीना बोरगोहेन के साथ संयुक्त रूप से भारत का ध्वजवाहक होना मेरे लिये फख्र की बात है। यह बड़े स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका भी है। मैं भावविभोर हूं।' उन्होंने कहा, 'मैं लवलीना को भी इस मौके के लिए बधाई देना चाहता हूं। मैं जिस जुनून और प्रतिबद्धता के साथ खेलता आया हूं, उसी के साथ टीम की अगुवाई करूंगा। इन खेलों में हमारे देश की एकता और विविधता की भी बानगी मिलेगी और मैं पूरे गर्व के साथ अपना ध्वज थामूंगा।' तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के अहम सदस्य रहे ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत ने भारत के लिए सर्वाधिक छह गोल दागे थे। हाल ही में उनकी कप्तानी में भारत ने चेन्नई में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी जीती है। भारतीय टीम की तैयारी के बारे में उन्होंने कहा, 'हमारी पूरी टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है।

# भाजपा अपना वादा पूरा करें: माझी समाज

### माझी समाज की महापंचायत में भाजपा को याद दिलाया वादा, वादा पूरा नहीं तो भाजपा को वोट नहीं, रैली निकाल कर गोलंबर तिराहा पर लगाया जाम, दिया एसडीएम को ज्ञापन





**दैनिक पुष्पाजली टुडे**

गोहद। मांझी समाज समाज की महापंचायत का आयोजन नया बस स्टैंड देव वाटिका में किया गया जिसमें संपूर्ण मध्य प्रदेश का माझी समाज एकत्रित हुआ। मंच को संबोधित करते हुए केशव मांझी ने कहा कि मैं भी भारतीय जनता पार्टी का हूं परंतु मैं उनसे कहना चाहता हूं कि यदि समाज की बात आएगी तो मैं समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहूंगा, भाजपा सरकार के द्वारा 2003 मैं घोषणा की गई थी कि भोई, डीमर, कहार, केवट मल्लाह, निषाद, कश्यप, रायकवार, वाथम आदि को जनजाति का अधिकार प्रदान किया जाएगा परंतु आदेश जारी होने के पश्चात भी आज तक आदेश पर कोई अमल नहीं किया गया। वही टीकाराम रायकवार ने समाज से अपील करते हुए कहा कि जब तक हमें न्याय नहीं मिलेगा तब तक हम भाजपा को वोट नहीं देंगे। सभी ने जब तक मांझी समाज को जनजाति का दर्जा नहीं दिया जाता तब तक भाजपा को वोट न देने की शपथ ली। इस दौरान देव वाटिका से रैली के रूप में उपस्थित संपूर्ण माझी समाज ने गोलंबर तिराहा अटल चौक पर आक्रोर्षित होकर जाम लगाया इस दौरान मांझी समाज के द्वारा नारेबाजी कर प्रदर्शन किया गया। अंत में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम चार सूत्रीय मांगों को लेकर एक ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से मध्य प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग अनुसूची क्रमांक 12 पर अंकित ढीमर, भोई, कहार, मल्लाह, नावडा, तुरहा, केवट (कश्यप, निषाद, रायकवार, बाथम), वृतिया, सिंगरहा, जालारी, (जालारनलु, बस्तर जिले में) सोंधिया आदि जाति समूह को विलोपित करने की मांग, शासन के आदेश क्रमांक एफ 7/47/2016 आ.प्र./ भोपाल/ दिनांक 1/1/ 2018 के आदेश में संशोधित आदेश जारी किया जाए इसी प्रकार चार सूत्री मांगों को लेकर एसडीएम अंकित गुप्ता को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा गया ज्ञापन सौंपते समय माझी समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## विधायक सेमरिया ने उद्यानिकी प्रचार रथ को दिखाई हरी झण्डी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**विवेक तिवारी (ब्यूरो चीफ)**

**रीवा।** उद्यानिकी विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार रथ चलाया जा रहा है। कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सेमरिया श्री केपी त्रिपाठी ने प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर जिले भर में भ्रमण के लिए रवाना किया। इस अवसर पर विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा कि जिन क्षेत्रों में किसान उद्यानिकी फसलें बहुतायत से लेते हैं उन क्षेत्रों में रथ का भ्रमण कराएं। इसके भ्रमण के लिए पूरा रूट चार्ट बनाकर उसके अनुरूप भ्रमण कराएं। जिससे जिले के अधिक से अधिक किसान इससे लाभ उठा सकें। प्रचार रथ के संबंध में उद्यान निरीक्षक एसएन शर्मा ने बताया कि रथ के माध्यम से विभाग की फल-सब्जी विस्तार योजना, मसाला उत्पादन योजना, पीएफएमई योजना सहित सभी विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। रथ के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना के संबंध में भी जानकारी



दी जा रही है। प्रचार रथ विकासखण्ड रीवा, सिरमौर, रायपुर कर्चुलियान तथा गंगेव का भ्रमण करेगा। इस अवसर पर जिला महाप्रबंधक उद्योग जेपी तिवारी, तरूणेन्द्र कुशवाहा, सूरज सिंह उपस्थित रहे।

## बांग्लादेश क्रिकेट टीम के तकनीकी सलाहकार नियुक्त हुए श्रीधरन श्रीराम

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने 5 अक्टूबर से भारत में होने वाले आगामी आईसीसी विश्व कप के लिए पूर्व टी20 मुख्य कोच श्रीधरन श्रीराम को राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का तकनीकी सलाहकार नियुक्त किया है। आगामी विश्व कप के लिए बांग्लादेश के टीम निदेशक खालिद महमूद ने गुरुवार को क्रिकबज से कहा, हां, हमने उन्हें (श्रीराम) आगामी विश्व कप के लिए तकनीकी सलाहकार नियुक्त किया है। बीसीबी ने पिछले साल टी20 विश्व कप से पहले श्रीराम को तकनीकी सलाहकार नियुक्त किया था। तभी बोर्ड ने स्प्लिट कोचिंग शुरू करने का फैसला किया था और टेस्ट और वनडे की जिम्मेदारी रसेल डोमिंगो को सौंपी थी, जिन्होंने बाद में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

बाद में, बीसीबी ने डोमिंगो की जगह चंडिका हथुरुसिंघा को नियुक्त किया और उन्हें सभी प्रारूपों में मुख्य कोच के रूप में नियुक्त किया गया और इसके साथ ही बांग्लादेश के साथ श्रीराम के पहले कार्यकाल का अंत हो गया। बांग्लादेश के सभी प्रारूपों के कप्तान शाकिब अल हसन श्रीराम के बहुत बड़े प्रशंसक रहे हैं और उन्होंने टी20 विश्व कप के



दौरान हमेशा उनका समर्थन किया था, जबकि पूर्व भारतीय स्टार को नजमुल हुसैन की सफलता के पीछे एक प्रमुख कारण माना जाता है।

## वर्षाकाल में क्षतिग्रस्त सड़कों का सुधार कार्य प्रारंभ करायें: कलेक्टर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ)**

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्माण



विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि वर्षाकाल में क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का सुधार कार्य तत्काल प्रारंभ करायें। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्रों से साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों में सुधार के कार्य करायें। उन्होंने रीवा शहर में कृषि महाविद्यालय के सामने के सड़क मार्ग का काम रूके होने के संबंध में जानकारी ली तथा लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि तत्काल निर्माण एजेंसी से कार्य कराते हुए शीघ्र पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करायें। उन्होंने रीवा शहर की अन्य सड़कों को सुधार कर उन्हें आवागमन के लिये सुगम बनाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। बैठक में बताया गया कि आरडीसी की जिले में 18 सड़कों में 2 सड़कें सुधार योग्य हैं इसी प्रकार पीएमजीएस वाय की 684 सड़कों में 22 सड़कों में सुधार किया जाना है। जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग की 5 सड़कों में से एक सड़क का सुधार आवश्यक है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि एजेंसी को वर्कआउट जारी कर कार्य प्रारंभ करायें ताकि शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों में आवागमन सुगमता से हो। उन्होंने आरईएस की क्षतिग्रस्त सुदूर सड़कों को भी सुधारने के निर्देश बैठक में अधिकारियों को दिये। इस दौरान आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले, अधीक्षण यंत्री शैलेन्द्र शुक्ला, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी मनोज द्विवेदी सहित निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 'मुझे बहुत अच्छा महसूस हो रहा है', भारत के खिलाफ श्रृंखला से पहले बोले स्मिथ

**मोहाली ।** कलाई की चोट से उबरकर वापसी करने वाले ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने भारत के खिलाफ पहले वनडे से पूर्व नेट पर दो घंटे बल्लेबाजी करने के बाद कहा कि उन्हें बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। स्मिथ को दूसरे एशेज टेस्ट के दौरान बाई कलाई में चोट लगी थी।



उन्होंने पहली पारी में 110 रन बनाए थे। उन्होंने नेट पर ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस का सामना किया जो कलाई की चोट से उबरने के बाद टीम में लौटे है। स्मिथ ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, 'मैने कमिंस का सामना किया और बल्लेबाजी करके मुझे बहुत अच्छा लगा। मैने दौड़ भी लगाई। मुझे बहुत अच्छा महसूस हो रहा है।

एशेज के दौरान कोर्टिसोन इंजेक्शन लेने वाले स्मिथ को भारत के खिलाफ श्रृंखला से पहले भी इंजेक्शन लेना पड़ा। उन्होंने कहा, 'इंजेक्शन लेने के कुछ दिन बाद मुझे अच्छा महसूस होने लगा। कैचिंग में दिक्कत थी लेकिन अब अच्छा लग रहा है।

# कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा के रीवा शहर के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब







**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

रीवा। शुक्रवार को कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा के चौथे दिन रीवा शहर के सिरमौर चौराहा स्थित राजीव गांधी जी की प्रतिमा में संजय कपूर व अजय सिंह राहुल के द्वारा माल्यार्पण के बाद आगे बड़ी। सिरमौर चौराहे से जन आक्रोश यात्रा के रथ में यात्रा के प्रभारी पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव एवं मध्य प्रदेश के सह प्रभारी संजय कपूर, यात्रा प्रभारी राजेंद्र मिश्रा, रामगरीब वनवासी, रमाशंकर सिंह पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी. राजेंद्र शर्मा, रीवा नगर निगम महापौर अजय मिश्रा बाबा, पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना रथ में मौजूद रहें। यात्रा का शुभारंभ सिरमौर चौराहे से हुआ और कॉलेज चौराहे में कर्मचारी कांग्रेस एवं एनएसयूआई द्वारा, मानस भवन के सामने महिला कांग्रेस द्वारा, शिल्पी प्लाजा में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों एवं सिंधु समाज द्वारा, शिल्पी प्लाजा में साक्षी ज्वेलर्स के पास ब्लॉक कांग्रेस ढेकहा द्वारा, स्वागत भवन के पास अल्पसंख्यक कांग्रेस के द्वारा, कला मंदिर के पास पूर्व सैनिक कांग्रेस द्वारा, अस्पताल चौराहा पर युवा कांग्रेस द्वारा, धोबिया टंकी में ब्लॉक कांग्रेस चिरहुला द्वारा स्वागत किया गया एवं गुड़ चौराहा में रोड शो का समापन हुआ। तत्पश्चात चिरहुला मंदिर पहुंचकर अजय सिंह राहुल ने कांग्रेस के साथियों के साथ पूजा अर्चना की। चिरहुला से निकलकर जन आक्रोश यात्रा रीवा विधानसभा के लोही गांव पहुंची जहां नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। अगले पड़ाव में यात्रा गुड़ विधानसभा के चौड़ीयार होते हुए महसांव के रास्ते भीटी और फिर कष्टहर नाथ मंदिर गुड़ पहुंची तथा जगह जगह पर जन आक्रोश यात्रा का स्वागत एवं नुक्कड़ सभाएं हुई।

यात्रा के प्रभारी पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने प्रदेश के मुखिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि शिवराज सिंह चौहान जनता से किस बात के लिए जन आशीर्वाद मांग रहें है, क्या प्रदेश को कुपोषण में नं. 1 है इसलिए, या महिलाओं पर अत्याचार में नं. 1 है इसलिए, या मंहगाई दर सबसे ज्यादा है इसके लिए मांग रहें हैं। जनता क्यों देगी इनको आशीर्वाद। जन आक्रोश यात्रा को जो समर्थन मिल रहा है वह मंहगाई, आदिवासियों, बेरोजगारों, महिलाओं पर हो रहे हैं अत्याचार के खिलाफ यह आक्रोश है। उन्होंने पिछले 3 दिन में रीवा जिले में जनता का जो आक्रोश सड़कों में देखने को मिला उससे यह स्पष्ट हो गया कि रीवा की 8 की आठो विधानसभा सीटें कांग्रेस के खाते में आयेंगी। अजय सिंह राहुल ने कहा कि हाल ही में भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा का समापन हुआ था, रीवा के एनसीसी ग्राउंड में कार्यक्रम में कोई संगीतकार भी आया था उस सभा में मात्र 250 लोग ही शामिल हुए थे वह कार्यक्रम राजेंद्र शुक्ला जी का विदाई समारोह था। मेरी आप सबसे प्रार्थना है कि रीवा की 8 की 8 विधानसभा सीटें कांग्रेस की झोली में आए। मुझे पूरा विश्वास है कि कांग्रेस के समस्त जन इस मुहिम में लग जायेंगे तो कोई ताकत रोक नहीं सकती आपको एक नया इतिहास रचने से। आप सभी को रीवा शहर के इस रोड शो के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं धन्यवाद। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने सभी शीर्ष नेतृत्व की ओर से धन्यवाद भी ज्ञापित किया। एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव और यात्रा के सह प्रभारी संजय कपूर ने कहा कि परिवर्तन विंध्य से ही होगा और आप सबका उत्साह और सड़कों में जनता का आक्रोश यह बता रहा है की रीवा की 8 की 8 विधानसभा सीटें कांग्रेस ही जीतेगी। झूठे वादों वाली भाजपा सरकार ने सिर्फ जनता को ठगा है, लाडली बहन के नाम पर ये लोग सौदा करने उतरे हैं लेकिन मध्य प्रदेश की महिलाएं जागरूक है और इनके झांसे में आने वाली नहीं। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष इंजीनियर राजेंद्र शर्मा ने रोड शो के दौरान जन आक्रोश यात्रा रथ से संबोधित करते हुए कहा कि अब जनता का आक्रोश सड़कों पर है मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा को शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार ने परे कर दिया है। महिलाओं के साथ बड़ते अत्याचार, बेरोजगार युवा, आदिवासियों के साथ हो रहा अत्याचार शिवराज सरकार में चरम सीमा पर है, और इस जन आक्रोश यात्रा के साथ इस सरकार के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का काम जनता करने जा रही है। बेलगाम कानून व्यवस्था के खिलाफ यह जनता का शंखनाद है और अब परिवर्तन सुनिश्चित है। आज भारी संख्या में उमड़ा ये हुजूम सीधे तौर पर संकेत दे रहा है कि भाजपा की विदाई की बेला है और जन हितैषी कांग्रेस सरकार आने वाली है। 50 प्रतिशत कमीशन वाली इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता के साथ मध्य प्रदेश की जनता ने कमर कस ली है। जन आक्रोश यात्रा में पूर्व सांसद देवराज पटेल, प्रदेश महामंत्री मनीष गुप्ता, प्रदेश महामंत्री शिव प्रसाद प्रधान, डॉ. मुजीब खान, विमलेन्द्र तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश सिंह, संगठन मंत्री रवि तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीयुगी नारायण शुक्ल भगत, प्रदेश महामंत्री बृजभूषण शुक्ल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सरदार प्रहलाद सिंह, सेवादल के प्रदेश सचिव एसएस तिवारी, प्रदीप सोहगौरा, वसीम राजा, गोविंद दास तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, बृजवासी प्रसाद मिश्रा, अनिल तिवारी, सीमा सिंह, सत्यनारायण शर्मा, विनय मिश्रा, जयवीर सिंह, कपिध्वज सिंह, लालमणि पाण्डेय, महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष कविता पाण्डेय, पूर्णिमा तिवारी, रमेश पटेल, गजेंद्र द्विवेदी, शीला त्यागी, बबिता साकेत, विद्यावती पटेल, पद्मेश गौतम, के के गुप्ता, सिद्धनाथ पाण्डेय, अरूण सिंह पिंटू, धनेन्द्र द्विवेदी, मिथिलेश दुबे, जीतेन्द्र सिंह, आशिक खान, शीलाध्वज सिंह, सुरेश प्रसाद मिश्रा, आनंद सिंह, अखिलेश पटेल, गुरू प्रसाद तिवारी, बलराम गौतम, पद्मदीप शुक्ला, प्रकाश नारायण गौतम, विवेकानंद तिवारी, अखिलेश द्विवेदी काकू, शिवेन्द्र सिंह, रामकीर्ति शर्मा, हर्षलाल शुक्ला, डॉ. अमित तिवारी, रमा दुबे, नजमा बेगम, सूफिया बेगम, सहफूज खान, गंगा यादव, अकरम अंसारी, साबिर अंसारी, उमेश वर्मा, अशोक पटेल, रवि तिवारी, मनीष नामदेव, अमृतलाल मिश्रा, राजेश बंसल, श्याम निरंकारी, नासिर अंसारी, आशीष त्रिपाठी, आशीष सोनी, छोटेलाल रजक, अमित द्विवेदी, अमित कोल, विश्वनाथ खारौल, तारा त्रिपाठी, दिनेश सेन, राजेश नामदेव, ऋषि त्रिपाठी, आरती बक्सरिया मनुआ साकेत, मकदूम खान, गुलाम अहमद, मुस्तहाक खान युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, उपाध्यक्ष आलोक मिश्रा, शहर उपाध्यक्ष अनुज पांडे, प्रमोद पटेल पी. डी., तनवीर अहमद खान, प्रतिभा सिंह, योगिता सिंह, अनूप चंदेल, एन एस यू आई अध्यक्ष पंकज उपाध्याय, सहित रीवा शहर एवं जिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में आमजन उपस्थिति रहे।



# ट्रोलिंग पर एक्ट्रेस रश्मि देसाई ने दिया करारा जवाब, बोलीं- मेरे मां-बाप को गाली...

सोशल मीडिया पर लगातार ट्रोलिंग के कारण कुछ लोग रश्मि देसाई को बता रहे हैं कि उन्हें अपना जीवन कैसे जीना चाहिए और यहां तक कि उनके परिवार को भी गालियां पड़ रही हैं, जिसके कारण रश्मि देसाई को ट्रोलर्स पर पलटवार करते हुए एक वीडियो जारी करना पड़ा.

**ट्रोलिंग पर एक्ट्रेस रश्मि देसाई ने दिया करारा जवाब**

अभिनेत्री ने कहा कि जब बात उससे जुड़ी हो तो वह ट्रोलिंग को नजरअंदाज कर सकती है, और सोचती है कि उसके परिवार को घसीटने की क्या जरूरत है. पिछले हफ्ते रश्मि देसाई ने एक वीडियो शेयर किया और कहा, सभी बेरोजगार लोगों से मैं कहना चाहती हूं कि कृपया मेरी मां और पिता को मत बीच में लीजिए. मैं जानती हूं कि मैं क्या कर रही हूं, यह मेरी जिंदगी है.

उतरन एक्ट्रेस कहती हैं कि चाहे कोई अभिनेता या राजनेता हो, ट्रोलिंग को सामान्य बना दिया गया है और यह एक खतरनाक बात है. मेरे मामले में, हर कोई सोशल मीडिया पर आता है और मेरे लाइफ के बारे में कुछ कहता है.रश्मि ने आगे कहा हाल ही में, मैंने एक ट्वीट देखा जहां कोई मेरी मां को गाली दे रहा था और उसी ने मुझे वीडियो डालने के लिए मजबूर किया. हर कोई मुझे बता रहा है कि क्या करना है, और फिर मेरे परिवार के बारे में बकवास कर रहा है. मैंने जो पढ़ा, उसके बारे में मुझे बुरा लगा.



एक्ट्रेस ने कहा कि मुझे मालूम है कि मैं क्या कर रही हूं मैं काफी समय से कड़ी मेहनत कर रहा हूं. मैं अपने फैसले खुद लेने में सक्षम हूं. जब लोग, जिन्होंने मेरी गलती से सीखा है, वे मुझसे कहने लगते हैं कि मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए था. आपकी चिंता के लिए धन्यवाद' और मैं बस आगे बढ़ती हूं.

# Bigg Boss 17 में हिस्सा लेंगी अनुपमा के अनुज की पत्नी आकांक्षा? एक्ट्रेस ने किया रिएक्ट



सलमान खान होस्टेड शो बिग बॉस 17 जल्द ही फैंस को एंटरटेन करने वाला है. शो को लेकर जबरदस्त बज है. बिग बॉस 17 का पहला प्रोमो भी रिलीज कर दिया है. खबरें हैं कि इस बार शो में सिंगल वर्सेज कपल थीम होने वाली है. कई स्टार्स के शो में आने को लेकर खबरें बनी हैं. हाल ही में पॉपुलर सीरियल अनुपमा फेम एक्टर गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा खन्ना ने बताया कि क्या वो बिग बॉस करने में इंटरेस्टेड हैं या नहीं.

**बिग बॉस करेंगी आकांक्षा खन्ना ?**

फिल्मीबीट की खबर के मुताबिक, आकांक्षा खन्ना ने कहा, हां यार मैं करना चाहती हूं. गौरव शायद मेरे साथ नहीं करना चाहते क्योंकि गौरव डरते हैं. लेकिन हां, मतलब क्यों नहीं. मैं लगती हूं न बिग बॉस मटेरियल.बिग बॉस फॉलो करने के सवाल पर उन्होंने कहा, मैं बिग बॉस उतना फॉलो नहीं करती हूं. लेकिन ठीक है. सोशल मीडिया पर जितना पता चलता है. तो मैं अपडेटेड रहती हूं. मैं रेगुलर फॉलोअर नहीं हूं, लेकिन अपडेटेड रहती हूं.

बता दें कि आकांक्षा भी एक्ट्रेस हैं. उन्होंने Bhootu और स्वरागिनी जैसे शोज किए हैं. फिलहाल उन्होंने टीवी से दूरी बनाई हुई है.लेकिन सोशल मीडिया पर वो खासी एक्टिव रहती हैं. वो गौरव संग अपनी लाइफ अच्छे से एंजॉय कर रही हैं. वही गौरव इन दिनों शो अनुपमा में लीड रोल निभा रहे हैं. इस शो में वो अनुज के रोल में हैं. उनका कैरेक्टर काफी पॉजिटिव है और फैंस पसंद कर रहे हैं.

**बिग बॉस 17 में कौन-कौन होगा शामिल ?**

वहीं शो में कौन-कौन हिस्सा लेगा इसे लेकर फैंस काफी इंटरेस्टेड नजर आ रहे हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, कनिका मान, एलिस कौशिक, कंवर ढिल्लों, हर्ष बेनीवाल, अर्जित तनेजा, मनीषा रानी, अभिषेक मल्हान, अंजिल अरोड़ा जैसे स्टार्स के शामिल होने की खबरें हैं. हालांकि, किसी भी कंटेस्टेंट को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है.

# चार दिन बेड रेस्ट के बाद अब कैसी है दीपिका कक्कड़ के पति Shoaib Ibrahim की तबियत? अजूनी एक्टर ने तस्वीर शेयर कर दिया अपना हेल्थ अपडेट



शोएब इब्राहिम टीवी के बेहद फेमस एक्टर हैं. उन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों के दिलों में जगह बनाई है. फिलहाल एक्टर अपनी एक्ट्रेस पत्नी दीपिका कक्कड़ संग न्यू बॉर्न बेटे संग पेरेंटिंग एंजॉय कर रहे हैं. इन सबके बीच हाल ही में एक्टर ने फैंस के साथ शेयर किया था कि उनकी तबियत ठीक नहीं है और वे सिव्यर बैक पेन से परेशान हैं. वहीं चार दिनों के कंपलीट रेस्ट के बाद एक्टर ने अपना हेल्थ अपडेट दिया है.

**शोएब इब्राहिम ने दिया अपना हेल्थ अपडेट**

शोएब इब्राहिम ने अपनी एक लेटेस्ट मीडिया पोस्ट में बेड रेस्ट के दौरान अपनी लाइफ की झलक शेयर की. फोटो में ब्लैक टी-शर्ट पहने एक्टर काफी हैंडसम लग रहे थे. तस्वीर शेयर करते हुए शोएब ने मजेदार कैप्शन में लिखा, जब आप पिछले 4 दिनों से बेड रेस्ट पर थे तो आप ऐसे हैं सब कुछ अलग है, सब कुछ नया है और अब जब आप बेहतर महसूस कर रहे हैं तो आप फील करते हैं (चांद और सितारा) तोड़ लाऊं. इसके साथ ही एक्टर ने अपने फैंस को थैंक्यू भी किया और लिखा, आपके कंसर्न और विशेज के लिए थैंक्यू, अब काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं.

**शोएब की पोस्ट पर फैंस ने किया रिएक्ट**

वहीं शोएब के अपनी हेल्थ अपडेट देत ही फैंस ने भी कमेंट बॉक्स में अपना रिएक्शन पोस्ट करना शुरू कर दिया, एक फैन ने लिखा, हाय किसी की नजर ना लगे कभी भी.. गॉड ब्लेस यू. एक अन्य ने लिखा, माशाअल्लाह, सब हीरो फेल आपके आगे, अल्लाह सलामत रखे आपको और आपकी फैमिली को. एक और ने लिखा, बस यूं ही खुश रहिये. वहीं एक और फैन ने लिखा, गेट वेल सून स्वीटहार्ट.

बता दें, कुछ दिन पहले शोएब की पत्नी दीपिका कक्कड़ ने एक्टर की एक फोटो शेयर कर उनके फैन्स को जानकारी दी थी कि वह गंभीर पीठ दर्द से जूझ रहे हैं. दरअसल, उन्होंने यह भी बताया कि कैसे वह उनके बेटे रूहान को गोद में भी नहीं उठा पा रहे थे.

**शोएब इब्राहिम वर्क फ्रंट**

वहीं वर्क फ्रंट की बात करें तो शोएब इब्राहिम को हाल ही में 'अजूनी' शो में देखा गया था. ये सीरियल कुछ हफ्ते पहले ऑफ-एयर हो गया था लेकिन शो में शोएब इब्राहिम द्वारा निभाया गया राजवीर बग्गा का किरदार दर्शकों के दिलों में आज भी है. शोएब का रश्मि देसाई संग एक सॉन्ग भी रिलीज होने वाला है.



# सोमा लैशराम पर भड़का मणिपुर का KKL ,रुप, लगाया 3 साल का बैन, हैरान कर देगी वजह

इंफाल बेस्ड एक ऑर्गेनाइजेशन ने पॉपुलर मणिपुरी फिल्म स्टार सोमा लैशराम को तीन साल के लिए फिल्मों में काम करने और सोशल इवेंट में भाग लेने पर बैन लगा दिया है. कहा जा रहा है कि इस संगठन ने कई मशहूर हस्तियों से अपील की थी कि जब तक मणिपुर हिंसा की आग से धधक रहा है तब तक वे मनोरंजन कार्यक्रमों में भाग न लें. लेकिन सोमा लैशराम ने इनकी बात नहीं मानी जिसके चलते उन पर बैन लगाया गया है.

**क्यो लगाया गया एक्टर लैशराम पर बैन**

कांगलेइपाक कनबा लूप (केकेएल) ग्रुप ने कहा कि फिल्म स्टार सोमा लैशराम ने 16 सितंबर को नई दिल्ली में एक ब्यूटी पेजेंट में भाग लिया था, जो कि मणिपुर में चल रहे जातीय संघर्ष के मद्देनजर एक्टर्स को ऐसे आयोजनों से बचने के सामान्य आह्वान के खिलाफ था. बता दें कि मणिपुर में हो रहे जातीय संघर्ष में कई लोगों की जान चली गई थी. 3 मई से अब तक 170 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं.



**FFM ने लैशराम पर लगाए गए बैन की आलोचना की**

वहीं राज्य में सभी फिल्म बॉडी के संगठन, फिल्म फोरम मणिपुर (ख्रख्ररू) ने लैशराम पर लगाए गए केकेएल के फैसले की भारी आलोचना की और कहा कि वह बैन को रद्द कराने की कोशिश करेंगे.

**बैन लगाए जाने पर लैशराम ने क्या कहा ?**

बता दें कि लैशराम ने 150 से ज्याद मणिपुरी फिल्मों में अपनी दमदार एक्टिंग का लोहा मनवाया है और कई पुरस्कार जीते हैं. वहीं केकेएल द्वारा लगाए गए बैन पर लैशराम ने कहा कि उन्होंने नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट्स फेस्टिवल में भाग लिया क्योंकि इसने पूर्वोत्तर की सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाया था. उन्होंने मणिपुर स्थित एजेंसी वारी सिंगबुल को बताया, एक प्रोफेशनल एक्टर और एक सामाजिक प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में, मणिपुर में संकट के बारे में संवाद करना और बोलना मेरी ज़िम्मेदारी है और मैंने इस मंच को चुना.इन सबके बीच केकेएल ने कहा कि उसने लैशराम से नई दिल्ली के इंवेंट में भाग न लेने का अनुरोध करने के लिए एफएफएम और फिल्म एक्टर्स गिल्ड मणिपुर से कॉन्टेक्ट किया था. संगठन ने एक बयान में कहा, लेकिन उन्होंने अब तक (जातीय संघर्ष में) मारे गए मैतेई लोगों के प्रति पूरी तरह अनादर दिखाते हुए सभी अनुरोधों को खारिज कर दिया.

स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत जिला रोजगार सृजन केंद्र

# विश्व उद्यमिता दिवस पर कार्यक्रम संपन्न

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत जिला रोजगार सृजन केंद्र द्वारा विश्व उद्यमिता दिवस के पखवाड़े के निमित्त चल रहे कार्यक्रमों में एसएलपी कॉलेज मुरार मे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमे मुख्य वक्ता श्री सुधीर भदोरिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा हमें अपनी भविष्य की योजनाएं निर्धारित कर लेनी चाहिए हमें स्वरोजगार आदि करने में कोई शर्म नहीं करनी चाहिए मध्यम वर्गीय परिवारों का बच्चा अपनी प?ाई के साथ साथ स्वरोजगार के द्वारा अपना खर्च स्वयं वहन करके परिवार की आर्थिक सहायत कर अपना स्वरोजगार कर सकता है । हम किसानों के बच्चे हैं कृषि कार्यों में आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग करके भी एक अच्छा आमदनी का स्रोत बना सकते हैं 7 इसके साथ ही दो युवाओ को महाविद्यालय के डॉक्टर देवेंद्र सिंह गुर्जर जी द्वारा उनके खुद के स्टार्टअप के लिए सम्मानित किया गया, आगे छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि दो तरह की शिक्षा होती है यह सारवान ओर दूसरी संस्कारवान दोनों के द्वारा भी हम अपना



विकास कर सकते है हम खुद निश्चित करें कि हमें क्या करना है हमें लक्ष्य निर्धारित करने से पहले मन में विचार करना चाहिए और फिर उसे विचार को आकार देना चाहिए आकार के बाद साकार करने का प्रयास करना चाहिए अगर हम इस प्रकार से तैयारी करते हैं तो हमारा लक्ष्य साकार हो जाता है और हम सफलता की ओर अग्रसर होते हैं और संबोधन में बताया की हमें कठिनाइयों से नहीं डरना चाहिए सफलता के मार्ग थोड़ा जटिल होते हैं पर बहुत ऊंचाई तक ले जाते हैं । इसी क्रम में उद्यानकी विभाग के संचालक श्री राम किशोर जी तोमर ने कहा सरकार के द्वारा समय-समय पर विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जाता है जैसे खाद्य प्रसंस्करण, अनाज का प्रोसेसिंग ,सब्जियों का फूलों का व्यवसाय, ऑर्गैनिक खाद ,फलों का व्यवसाय ,मसालों, आटा चक्की आदि का व्यवसाय है ऐसे बहुत सारे व्यवसायों आदि के बारे मैं उध्यानिकी विभाग तथा अन्य बहुत सारी योजनाओ के द्वारा हम लाभ उठा सकते है जिससे हम अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकें ओर ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रेरित कर सकें ओर साथ ही साथ आर्थिक रूप से सम्पन्न होकर समाज की उन्नति में योगदान दे सकें , ओर दूसरों पर निर्भरता कम हो सके । इस अवसर पर महाविद्यालय से डॉक्टर साधना श्रीवास्तव जी, डॉक्टर देवेंद्र सिंह गुर्जर जी शिवेंद्र सिंह कौरव जी विकास पाराशर जी विष्णु शर्मा जी (अभियान के पूर्णकालिक) सहित समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।



## जेयू: सेमिनार के पांचवें दिन प्रतिभागियों ने कोहा सॉफ्टवेयर के टूल्स के बारे में सीखा

ग्वालियर। जेयू के ग्रन्थालय एवं सूचना विज्ञान अध्ययनशाला में सेमिनार के पांचवें दिन एनआईटी जालंधर से आए विषय विशेषज्ञ डी.पी.त्रिपाठी ने प्रथम सत्र में कोहा सॉफ्टवेयर के टूल्स के बारे में जानकारी दी साथ ही साथ प्रतिभागियों ने टूल्स में पैट्रन्स, नोटिसेस,ओवरड्यू , कैलेंडर , सीएसवी प्रोफाइल को सीखा।दूसरे सत्र में कोहा में आरएसएस फ़ीड की जानकारी दी, किस तरह कोहा सॉफ्टवेयर में आरएसएस फीड से एक स्थान पर समाचार,विशेष विषय आदि की नवीनतम सूचना ऑनलाइन एक ही समय पर प्राप्त कर सकते है। तृतीय सत्र में बुन्देलखण्ड विवि झाँसी से आईं विषय विशेषज्ञ डॉ.रितु सिंह ने कोहा सॉफ्टवेयर में कैटालोगिंग मॉड्यूल की जानकारी दी एवं दोनों विशेषज्ञों ने कोहा सॉफटवेयर में कैटालोगिंग मॉड्यूल एवं मार्क फार्मेट की प्रैक्टिस कराई। चतुर्थ सत्र में विशेषज्ञों ने कोहा सॉफ्टवेयर में डेटा माइग्रेशन के बारे में बताया एवं डेटा माइग्रेशन की प्रैक्टिस भी कराई ।अगले सत्र में सभी प्रतिभागियों ने कोहा सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करके कोहा सॉफ्टवेयर में लाईब्रेरी बनाई एवं सभी मॉड्यूल की प्रैक्टिस की ।अंत में प्रो.जे.एन.गौतम ने सभी विषय विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।



## जिला पंचायत सीईओ की अगुआई में शासकीय सेवकों ने ग्राम पंचायत बरई में की साफ-सफाई

ग्वालियर। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार की अगुआई में अधिकारियों व कर्मचारियों ने ग्राम पंचायत बरई के तिघरा मजरे में श्रमदान कर नालियों में महीनों से जमा कचरा साफ किया। इसके बाद चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं व कठिनाईयों का निराकरण किया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ग्वालियर जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत जिला पंचायत सीईओ विवेक कुमार अधीनस्थ शासकीय सेवकों के साथ ग्राम पंचायत बरई में साफ-सफाई करने पहुँचे। इस काम में ग्रामीणों ने भी भागीदारी की। श्रमदान के बाद लगी ग्राम चौपाल में मौजूद ग्रामीणों से उन्होंने कहा कि वे ग्राम पंचायत द्वारा गाँव की साफ-सफाई व विकास के उद्देश्य से लगाए गए अल्प कर जरूर जमा करें। उन्होंने सरपंच व सचिव को करों की वसूली करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन व जनपद पंचायत के सीईओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मतदाता सूचियाँ पूरी तरह त्रुटि रहित और शुद्ध हों: बंसत कुर्रे

ग्वालियर> मतदाता सूचियों की शुद्धता को लेकर भारत निर्वाचन आयोग गंभीर हैं। इसलिए आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों का पालन कर त्रुटि रहित व शुद्ध मतदाता सूचियाँ तैयार करें। मतदाता सूची अच्छी होंगी तो चुनाव भी बेहतर ढंग से हो सकेंगे। यह बात प्रदेश के संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बंसत कुर्रे ग्वालियर जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूचियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अब तक हुए कार्य की समीक्षा कर रहे थे। कुर्रे ने शुक्रवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट के सभागार में जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ एवं एईआरओ) की बैठक ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर टी एन सिंह एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी एलके पाण्डेय भी मौजूद थे। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बंसत कुर्रे ने कहा कि मतदाता सूचियों में मृत लोगों के नाम कतई नहीं रहना चाहिए। सभी ईआरओ एवं एईआरओ इस पर विशेष रूप से ध्यान दें। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढाने पर जोर देते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर स्वीप के तहत प्रभावी ढंग से मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ चलाएँ। प्रयास ऐसे



हों कि जिले के किसी भी विधानसभा क्षेत्र में 75 प्रतिशत से कम मतदान न हो ।

बैठक में कलेक्टर सिंह एवं संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कुर्रे ने संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्राप्त फॉर्म 6, 7 व 8 के निराकरण स्थिति, ईपी व जेण्डर रेशियों, 1500 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्र, उम्र के हिसाब से सूची में मतदाताओं की स्थिति, थर्ड जेण्डर मतदाता, 80 वर्ष व 100 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं की स्थिति की विधानसभा क्षेत्रवार समीक्षा की गई। साथ ही कहा गया कि 4 अक्टूबर को मतदाता सूचिओं के अंतिम प्रकाशन के बाद जिन मतदान केन्द्रों में 1500 से अधिक मतदाता हों, वहाँ पर सहायक मतदान केन्द्र स्थापित करना होंगे । इसके प्रस्ताव विधिवत रूप से आयोग को भेजे जाएँ।

**एक परिवार के मतदाता एक ही मतदान केन्द्र पर रहें**-कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने सभी ईआरओ व एईआरओ को निर्देश दिए इस बात का विशेष ध्यान रखें कि एक परिवार के मतदाता एक ही मतदान केन्द्र पर रहें। बीएलओ को घर-घर भेजकर इस का सत्यापन कराया जाए। इसमें किसी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा प्रयास ऐसे हों, जिससे थर्ड जेण्डर व 100 वर्ष से अधिक आयु के शतप्रतिशत मतदाता वोट डाले। इसी तरह प्रदेश की विशेष पिछडी जन जातियों में शुमार सहरिया मतदाताओं को भी शतप्रतिशत मतदान करने के लिये प्रेरित करें। कलेक्टर ने जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के जरिए मतदान प्रतिशत को ब?ाने के लिये विशेष प्रयास करने पर बल दिया।

## पी.पी.जी.आई में जिला स्तरीय युवा उत्सव के अंतर्गत प्रतियोगिताओं का आयोजन संपन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**



रीवा।शहर में स्थित पेंटियम पॉइंट ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के करहिया परिसर मे आज युवा उत्सव के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं मे क्ले आर्ट तथा स्थल चित्रण का आयोजन किया गया।क्ले आर्ट में प्रथम स्थान पर पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज के छात्र, एवं द्वितीय स्थान पर विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग रहा।स्थल चित्रण में टीआरएस कॉलेज प्रथम स्थान पर द्वितीय स्थान पर मॉडल साइंस एवं तीसरा स्थान विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग को मिला।निर्णायक मंडल में निर्णायक की भूमिका में मुख्य रूप से दिव्यांशु सिंह बघेल, शुभम पांडे, प्रसून सिंह, अंजलि राठौर, मालती कुमारी चंद्राकर मुख्य रूप से उपस्थित रही। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के मुख्य प्रबंध संचालक बी एन त्रिपाठी,शैक्षणिक संचालक एसके त्रिपाठी पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ सीमा शुक्ला, पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज के युवा उत्सव प्रभारी डॉ राकेश तिवारी, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।आज के इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के मुख्य प्रबंध संचालक ने कहा कि आप सभी आगे की प्रतियोगिताओं में और बेहतर करने का प्रयास करें साथ ही असफल प्रतिभागियों को भविष्य में बेहतर करने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

# कलेक्टर ने दो आदतन अपराधियों को जिला बदर के दिए आदेश

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ)**



रीवा। विधानसभा निर्वाचन में लोक शांति बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने दो आदतन अपराधियों को जिला बदर के आदेश दिए हैं। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के प्रतिवेदन के आधार पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के तहत की गई है। इन अपराधियों के लगातार अपराधिक कृत्यों में शामिल होने तथा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के बाद इनके आचरण में सुधार न होने एवं इनके कृत्यों से आमजनता में भय तथा लोक शांति भंग होने के कारण यह कार्यवाही की गयी है। जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार अभिषेक द्विवेदी उर्फ शिब्बू द्विवेदी पिता सोमशंकर द्विवेदी आयु 32 वर्ष ग्राम ढाबा चरैया थाना हनुमना वर्तमान निवास समान मोहल्ला रीवा को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश दिए गए हैं। इसी तरह मनीष कोल ओक्को पिता राजू कोल आयु 22 वर्ष निवासी ललपा को भी एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर के आदेश दिए हैं। सक्षम अधिकारी की लिखित अनुमति के बाद ही इस अवधि में इनका रीवा जिले में प्रवेश संभव हो सकेगा। इसका उल्लंघन करने पर प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## ज्वाला माई चौराहा समिति के सदस्य 18वर्षो से स्थापित करते आ रहे गणपति की मूर्ति

**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे**



दमोह। शहर में इन दिनों गणपति बप्पा के पंडालो पर भगवान गणपति की प्रतिमाये विराजमान है। वही बात करें शहर के ज्वाला माई चौराहा के समिति के सदस्यों की तो लगभग 18वर्षो से भगवान गणपति की मूर्ति विराजमान करते आ रहे है जिनकी झांकी कि सुन्दरता लोगों को पंडाल तक पहुंचनें के लिए आकर्षित करती है वही लोग भगवान गणपति का आशीर्वाद लेने पंडाल तक पहुंचते है। इस अवसर पर समिति के सदस्यों में जय सेन, दीपक चौरसिया,सोनू सेन मासाब,रजत चौरसिया,अनुज ठाकुर,शानू चौबे,डब्बू वर्मन,बिट्टू वर्मन, पंकज चौरसिया,राहुल चौरसिया, सोहेल खान,रितिक खत्री, रिशु खत्री सभी का विशेष योगदान रहता है।

## ठेकेदार की मनमानी से लोग हो रहे परेशान, जिम्मेदार मौन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ रीवा)**



रीवा। जिले भर में चुनाव नजदीक होने के कारण हर जगह काम चल रहा है, कही नालिया बनाई जा रही है तो कही रोड का काम चालू है, लेकिन ठेकेदारों की मनमानी के द्वारा लोगो को काफी परेशान भी किया जा रहा है, ठेकेदार के द्वारा कही नाली बंद कर दी जाती है, तो कही पीने के पानी की पाइप लाइन तोड़ दी जाती है, ठेकेदार तो अपना काम करके चले जाते है, लेकिन आम जनता को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, कही पानी की समस्या तो कही पानी निकासी की समस्या, ठेकेदार के द्वारा बाद में काम को सही भी नही किया जाता ताकि आम जनता परेशान न हो, खोद कर गायब अब लोग परेशान हो चाहे जो हो। और हमारे शहर के अधिकारियों का कोई भी ध्यान नहीं है। ताजा मामला शहर के ज्योति चर्च के सामने बोदा रोड निवासी दशरथ प्रसाद मिश्रा (आर्मी पूर्व सैनिक) के घर का है , सिरमौर चौराहा से नीम चौराहा रोड पर काम चल रहा है ज्योति चर्च के सामने सीवर लाइन डालने हेतु रोड खोदी गई, उसी दौरान दशरथ प्रसाद मिश्रा के घर के पानी की पाइप, साथ ही सीवर पाइप भी टूट गई, घर का पानी निकलना भी बंद है, पाइप टूट जाने के कारण सप्लाई वाला पानी रोड में बह रहा है, आज 15 दिन से ज्यादा हो गया उनके घर में सप्लाई वाला पानी बंद है, ठेकेदार रोड तोड़कर चुपकी साधे हुए है, लोग पीने के पानी के लिए दर - दर भटक रहे है। लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों का इस ओर कोई भी ध्यान नहीं है। अब आखिर ये ठेकेदार लोगो को कब तक ऐसे ही परेशान करते रहेंगे।

# जिला स्तरीय रोजगार मेला हुआ आयोजित, विधायक सेमरिया बोले

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

रीवा। जिला स्तरीय रोजगार मेला कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित किया गया। रोजगार मेले में विभिन्न योजनाओं से 1749 हितग्राहियों को 48 करोड़ 6 लाख रुपए का ऋण एवं अनुदान वितरित किया गया। मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना से 714 युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक त्योथर श्री श्यामलाल द्विवेदी ने कहा कि शासन युवाओं को स्वरोजगार का अवसर देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही हैं। इन योजनाओं का लाभ उठाकर युवा आगे बड़ें। निरंतर और सही दिशा में प्रयास करने से सफलता अवश्य मिलेगी। जिले के कई युवा योजनाओं का लाभ लेकर उद्यमी के रूप में अपनी पहचान स्थापित करने में सफल हुए हैं। उन्होंने आर्थिक आत्मनिर्भरता प्राप्त करने और हर माह अच्छा लाभ कमाने के साथ-साथ 10-15 लोगों को रोजगार का भी अवसर दिया है। युवा नशे की गिरफ्त में जाने से बचें और सही दिशा में अपनी ऊर्जा लगाकर विकास का पथ प्रशस्त करें।

समारोह में विधायक सेमरिया श्री केपी त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय में भारत सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश है। प्रदेश और देश के विकास में युवाओं का महत्वपूर्ण रोल है। उपलब्ध अवसरों तथा शासन की योजनाओं का लाभ लेकर युवा जब आगे बड़ेंगे तभी रीवा जिला और प्रदेश आगे बड़ेगा। हमारी



सरकार युवाओं को शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण तथा स्वरोजगार के कई अवसर दे रही है। रीवा जिले का पिछले 20 वर्षों में तेजी से विकास हुआ है। अधोसंरचना विकास के साथ जिले में निवेश के लगातार प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं। औद्योगिक केन्द्र चोरहटा में सभी इकाईयाँ लगातार संचालित हैं। साथ ही घूमा- कटरा, घुरेहटा और गुड़ में तीन नए औद्योगिक केन्द्र विकसित किए जा रहे हैं। बसामन मामा में 10 हजार गायों के लिए गौ अभ्यारण्य का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि बैंकर्स युवाओं को उदारता से ऋण दें और युवा भी ऋण का सही उपयोग करके स्वयं का उद्यम स्थापित करें तथा बैंक की किश्तें समय पर लौटाएं। समारोह में विधायक प्रतिनिधि सिरमौर श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षित युवाओं को नौकरी के पीछे भागने के बजाय स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिए प्रयास करना चाहिए। बैंकों से ऋण मिलने में यदि किसी तरह की कठिनाई है तो उसे दूर किया जाएगा। जिन योजनाओं में ऋण की गारंटी सरकार दे रही है उनमें बैंक हितग्राही की सम्पत्ति बंधक बनाने की शर्त न रखें। समारोह में अग्रणी बैंक प्रबंधक एसके निगम ने कहा कि अच्छे ऋण प्रकरणों को तत्परता से मंजूरी दी जाएगी। हितग्राही के उद्यम की सफलता पर ही बैंक की सफलता निर्भर है। बैंक से प्राप्त राशि का सही उपयोग करें। समारोह में प्रभारी जिला महाप्रबंधक उद्योग जेपी तिवारी ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में 168 करोड़ 44 लाख रुपए के ऋण का वितरण किया जा चुका है। रोजगार मेले से 6529 हितग्राहियों को रोजगार के अवसर मिले हैं। रोजगार मेले में उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, स्वसहायता समूह की महिलाओं, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। रोजगार मेले में उद्यानिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं से 58 हितग्राहियों को 6 करोड़ 20 लाख रुपए का ऋण वितरित किया गया। समारोह में 8 उद्यम इकाईयों का लोकार्पण किया गया। समारोह में सफल उद्यमी विपिन निगम, अंकित तिवारी उत्कर्ष त्रिपाठी तथा मितेश देव ने अपनी सफलता की कहानी सुनाई। समारोह में जिला पंचायत की उद्योग तथा सहकारिता समिति की अध्यक्ष डॉ संगीता सोनल शर्मा, उद्यान निरीक्षक एसएन शर्मा, सीईओ अन्त्यावसायी सहकारी समिति एमपी पाठक तथा बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478